**रोहतक**
**शुक्रवार 13 फरवरी 2026**
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 30, अंक : 10
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 26.4
न्यून. 6.6

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,674.92 | 558.72 ▼ |
| निफ्टी | 25,807.20 | 146.65 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,60,000/- | --- |
| चांदी | 2,57,000/- | 2200/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 90.61 | 17 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 69.20 बैरल 0.29% ▼
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




## खबर संक्षेप

### रिटेल महंगाई 8 महीने में सबसे ज्यादा



**नई दिल्ली।** जनवरी में रिटेल महंगाई पिछले महीने के मुकाबले बढ़कर 2.75% पर पहुंच गई है। दिसंबर में ये 1.33% पर थी। 8 महीनों में सबसे ज्यादा है। मई 2025 में महंगाई 2.82% पर पहुंच गई थी। सरकार ने गुरुवार, 12 फरवरी को महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। सरकार ने महंगाई मापने के लिए आधार वर्ष को 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। यह बदलाव एक दशक से अधिक समय के बाद किया गया है। *एजेंसी*

### दूरदर्शन की न्यूज रीडर सरला माहेश्वरी नहीं रहीं



**नई दिल्ली।** दूरदर्शन का जाना पहचाना चेहरा और पॉपुलर न्यूज रीडर सरला माहेश्वरी का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने 71 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली। उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई है। सोशल मीडिया पर उनके चाहने वाले याद करते हुए भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें दूरदर्शन ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी साझा करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। *एजेंसी*

### रूस में व्हाट्सएप पर बैन मैक्स के उपयोग की अपील



**नई दिल्ली।** रूस ने स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में व्हाट्सएप पर देशभर में बैन कर दिया है। क्रेमलिन ने नागरिकों से अब सरकारी मैक्स मैसेंजर प्रयोग करने की अपील की है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि मेटा बार-बार चेतावनी के बावजूद नियमों को मानने को तैयार नहीं था, इसलिए यह कड़ा कदम उठाना पड़ा। सरकार अब जनता को मैक्स मैसेंजर इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। *एजेंसी*

## बांग्लादेश : चुनाव में स्पष्ट बहुमत की ओर नेशनलिस्ट पार्टी

# बीएनपी 129 व जमात को 42 सीटें पर मिली जीत

*हिंसा के बीच 47.91% मतदान, कई जगह झड़पें*

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में गुरुवार को पार्लियामेंट्री चुनाव हुए। शाम से काउंटिंग भी शुरू हुई। चुनाव में सीधे तौर पर लड़ाई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी के लीडरशिप वाले अलायंस के बीच है। देर रात 299 सीटों में से बीएनपी 129 सीटें, जमात-ए-इस्लामी 42 और अन्य के खाते में 2 सीटें आई हैं। बहुमत के लिए 150 का आंकड़ा जरूरी है। बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे नेशनलिस्ट पार्टी के चेयरमैन तारिक रहमान ने भारी मतों से जीत दर्ज की है। करीब 18 माह पहले स्टूडेंट्स की बगावत ने तत्कालीन पीएम शेख हसीना की सरकार गिरा दी थी।



### इस्लामी आंदोलन का आरोप, चुनाव में गड़बड़ियां हुई

इस्लामी आंदोलन मतदान में कई तरह की गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। पार्टी के केंद्रीय प्रचार सचिव शेख फजलुल करीम मारुफ ने एक बयान में कहा कि भोला-1 सीट के कई मतदान केंद्रों पर समय से पहले ही वोट डलवा दिए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीएनपी के कार्यकर्ताओं ने पटुआखाली-4 सीट के अलग-अलग मतदान केंद्रों और इलाकों में इस्लामी आंदोलन के कार्यकर्ताओं और नेताओं पर हमले किए। मारुफ के अनुसार, मैपुर मेमोरियल स्कूल एंड कॉलेज मतदान केंद्र पर पार्टी एजेंटों को पीटा गया और बाहर निकाल दिया गया, और वहां फर्जी वोटिंग हुई।

### भारत बोला-हमें नतीजों का इंतजार

बांग्लादेश में चुनाव को लेकर भारत ने कहा है कि पहले नतीजों का इंतजार किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नतीजे आने के बाद ही यह देखा जाएगा कि जनादेश किस तरह का है। उन्होंने दोहराया कि भारत बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और भरोसेमंद चुनाव के पक्ष में है।
**4 लोगों की जान गई :** मतदान के दौरान अलग-अलग जगहों पर चार लोगों की मौत हो गई। खुलना में बीएनपी नेता महीबुज्जमान कोची की पोलिंग सेंटर में गिरने से मौत हो गई। बीएनपी का आरोप है कि कोची सुबह वोट डालने गए थे। उन्होंने पोलिंग सेंटर के अंदर वोट मांगने का विरोध किया। इसी दौरान जमात के कार्यकर्ताओं ने उन्हें धक्का दे दिया। उनके सिर में चोट लगने से उनकी मौत हो गई। इसके अलावा सतखीरा, ब्राह्मणबरिया और चट्टोग्राम में भी तीन लोगों की मौत हो गई।

### हसीना ने चुनाव को फर्जी बताया

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गुरुवार को हुए चुनाव को 'फर्जी चुनाव' करार देते हुए इसे रद्द करने की मांग की है। चुनाव के बाद जारी एक बयान में हसीना ने इसे 'मतदाताओं के बिना, अवैध और असंवैधानिक चुनाव' बताया। अपने बयान में शेख हसीना ने कहा कि यह चुनाव कातिल यूनुस द्वारा कराया गया एक दिखावटी चुनाव" है। हसीना ने आरोप लगाया कि 11 फरवरी की शाम से ही कई जगहों पर मतदान केंद्रों पर कब्जा, गोलीबारी, पैसे बांटकर वोट खरीदना, मतपत्रों पर मुहर लगाना और एजेंटों से रिजल्ट शीट पर जबरन हस्ताक्षर करवाने जैसी घटनाएं शुरू हो गई थीं। उन्होंने दावा किया कि 12 फरवरी की सुबह से देशभर के ज्यादातर पोलिंग बूथ पर मतदाता उपस्थिति बेहद कम रही और राजधानी ढाका समेत कई जगहों पर मतदान केंद्र लगभग खाली रहे।

## हरियाणा सरकार का बजट सत्र से पहले तोहफा

# 13 श्रेणी की पेंशन में बढ़ोतरी दो दिन में जारी होगा पैसा

- *30 लाख पेंशनरों को 3200 से लेकर 14000 रुपये तक की हर महीने पेंशन मिलेगी*
- *एसिड अटैक विक्टिम को 7500 से 14400 तक मिलेंगे*
- *स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को भी दी गई राहत*

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने बजट सेशन से पहले पेंशनरों को बड़ी राहत दी है। सरकार की ओर से 13 कैटेगरी की पेंशनों में 200 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अब प्रदेश के करीब 30 लाख पेंशनरों को 3200 से लेकर 14000 रुपये तक की हर महीने पेंशन मिलेगी। सीएम नायब सैनी के निर्देश पर सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट की ओर से इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। अभी तक 9 कैटेगरी की पेंशनों में हर महीने लाभार्थियों को 3 हजार रुपये दिए जा रहे थे, लेकिन अब सरकार की ओर से 200 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 3200 रुपये महीने दिए जाएंगे।



**20 फरवरी से शुरू होना है बजट सत्र**
*विपक्ष पेंशन के मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर*

| योजना | पुरानी | नई | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| लाडली सोशल सिक्योरिटी | 3000 | 3200 | 200/- |
| दिव्यांगजन पेंशन | 3000 | 3200 | 200/- |
| बौनापन पेंशन | 3000 | 3200 | 200/- |
| निराश्रित महिला/विधवा | 3000 | 3200 | 200/- |
| अविवाहित व्यक्ति | 3000 | 3200 | 200/- |
| वृद्धावस्था सम्मान भत्ता | 3000 | 3200 | 200/- |
| दुर्लभ बीमारी पीड़ित | 3000 | 3200 | 200/- |
| तीसरी चौथी स्टेज का कैंसर | 3000 | 3200 | 200/- |
| एसिड अटैक (40-50%) | 7500 | 8000 | 500/- |
| एसिड अटैक (50-60%) | 10500 | 11200 | 800/- |
| एसिड अटैक (60% से अधिक) | 13500 | 14400 | 900/- |
| गैर स्कूली दिव्यांग बच्चे | 2400 | 2600 | 200/- |
| निराश्रित बच्चे (एक बच्चा) | 2100 | 2300 | 200/- |
| कश्मीरी प्रवासी परिवार प्रति व्यक्ति | 1500 | 1700 | 200/- |
| कश्मीरी प्रवासी अधि. एक परिवार | 7500 | 8500 | 1000/- |

**बढ़ी पेंशन का लाभ नवंबर 2025 से मिलेगा**

इन कैटेगरी में लाडली सोशल सिक्योरिटी पेंशन स्कीम, पेंशन टू डिफरेंटली एबिल्ड पर्सन, विधवा पेंशन जैसी स्कीम शामिल हैं। सीएम ने अधिकारियों को ये बढ़ी हुई पेंशन दो दिनों के भीतर जारी करने के निर्देश दिए हैं। पिछले कई दिनों से कांग्रेस नेता पेंशन को लेकर सरकार की घेराबंदी कर रहे थे। बुढ़ापा पेंशन कटने और पेंशन न बढ़ाने को लिए लगातार सरकार की आलोचना हो रही थी। वहीं 20 फरवरी से प्रदेश में बजट सत्र भी चालू होने वाला है। माना जा रहा है कि इन्हें देखते हुए ही सरकार ने पेंशन बढ़ाने का फैसला लिया।

## ग्रुप 'डी' भर्ती नियमों में बड़ा बदलाव सीईटी अंकों के आधार पर होगा चयन

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ग्रुप 'डी' कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी तथा मेरिट आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। अब ग्रुप 'डी' पदों पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों का चयन पूर्ण रूप से सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के आधार पर किया जाएगा। जिन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक से कम निर्धारित है, उन्हें छोड़कर अन्य सभी पदों पर चयन पूरी तरह सीईटी में प्राप्त अंकों पर आधारित रहेगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है। नई व्यवस्था के तहत सामान्य पात्रता परीक्षा का कुल स्कोर 100 प्रतिशत सीईटी अंकों पर आधारित होगा। परीक्षा का पाठ्यक्रम दो भागों में विभाजित रहेगा। पहले भाग में 75 प्रतिशत अंक सामान्य जागरूकता, तर्कशक्ति, मात्रात्मक योग्यता, अंग्रेजी, हिंदी तथा संबंधित विषयों के होंगे।

**सामान्य पात्रता परीक्षा का कुल स्कोर 100 प्रतिशत सीईटी अंकों पर आधारित होगा**

# ट्रेड यूनियनों की हड़ताल का दिखा आंशिक असर, बैंक भी खुले रहे

**सोनीपत में बस अड्डा घेरा, झज्जर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विभिन्न जिलों में ट्रेड यूनियन गुरुवार को हड़ताल पर रहीं। हड़ताल का आंशिक असर दिखाई दिया। इस दौरान बैंक भी खुले रहे। 10 केंद्रीय यूनियनों के बैनर तले कई जिलों में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। हालांकि, इसे लेकर सरकार ने प्रदेश भर के रोडवेज अड्डों पर धारा 163 लगा रखी है। हिसार, झज्जर, सोनीपत में हड़ताल का असर दिखाई दिया। सोनीपत में कर्मचारी रोडवेज अड्डा घेरकर बैठे रहे। बहादुरगढ़ में नगर पालिका कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन िकया। रोडवेज बसों पर हड़ताल का खास असर नहीं दिखा। बसें तय समय पर चलीं। उधर, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम ने नो वर्क-नो वेज नियम लागू किया है।




### ये संगठन दे रहे हड़ताल को समर्थन

राज्य में सीटू, इंटक, एटक, हिंद मजदूर सभा, एआईयूटीयूसी, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, हरियाणा बैंक एम्पलाइज फेडरेशन, नॉर्थ जोन बीमा कर्मचारी संघ, पोस्टल, टेलीकॉम, स्वतंत्र औद्योगिक यूनियनें हड़ताल के समर्थन में उतरीं।

*लड़कियों ने फिर लड़कों को पछाड़ा*

# असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के 84 अभ्यर्थियों में से 70 युवतियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित कॉलेज कैडर असिस्टेंट प्रोफेसर जूलोजी भर्ती में युवतियों ने युवकों को पछाड़ दिया है। भर्ती में चयनित हुए 84 अभ्यर्थियों में से 70 युवतियां शामिल हैं। केवल 14 युवकों को असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का अवसर मिला है। हरियाणा लोक सेवा आयोग ने साल 2024 में 91 पदों के लिए कॉलेज कैडर असिस्टेंट प्रोफेसर जूलोजी भर्ती प्रक्रिया शुरू की। जिसमें जनरल के लिए 47, ओएससी के लिए 9, डीएससी के लिए 9, बीसी ए के लिए 10, बीसी बी के लिए 7 व ईडब्ल्यूएस के लिए 7 पद रिजर्व किए गए थे। हालांकि बाद में आयोग ने केवल 84 पदों पर ही परिणाम जारी किया है। 7 पद उचित कैंडिडेट नहीं मिलने व कोर्ट केस के चलते रिक्त रखे गए हैं। बाहर के राज्यों से भी भर्ती में 10 कैंडिडेट सेलेक्ट हुए हैं।

केवल 14 युवकों को असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का अवसर
**एचपीएससी ने जारी किया फाइनल परिणाम, 7 पद उचित कैंडिडेट नहीं मिलने व कोर्ट केस के चलते रिक्त रखे**

# झगड़ा सुलझाने गए 10वीं के छात्र की कृपाण से हत्या

## कमर में कृपाण को घुसाकर घुमाया, बायीं किडनी डैमेज हुई, दो टुकड़े हुए

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** वॉलीबॉल मैच को लेकर हुए झगड़े में 10वीं क्लास के स्टूडेंट की कृपाण मारकर हत्या कर दी गई। छात्र का कुछ दिन पहले आरोपी छात्रों के साथ झगड़ा हो गया था, जिसकी सुलह करने वो अपने दोस्त के साथ पहुंचा था। दोनों के आते ही आरोपियों ने डंडे-लाठियों और कृपाण से हमला कर दिया। आरोपियों ने छात्र की कमर में कृपाण घुसाकर घुमा दी। इससे युवक की बायीं किडनी डैमेज हो गई और उसके दो टुकड़े हो गए। सूचना मिलते ही मृतक के पिता घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पांच नामजद सहित 12 अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, जिनमें से अधिकतर छात्र हैं।



### सुलह के बहाने रजवाहे पर बुलाकर हमला

खरकां के गांव रामथली में 10वीं कक्षा के स्टूडेंट नवराज (17) और दोस्त विनीत की वॉलीबॉल मैच को लेकर लवप्रीत प्रजापत से झगड़ा हो गया था। वो ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ता था। झगड़ा सुलझाने को लेकर नवराज को लवप्रीत ने रजवाहे पर बुलाया था।

### नवराज पर कृपाण और डंडों से हमला

राजबाहे पर पर लवप्रीत उर्फ लब्बी, संजय, जोत, हरमन व अर्श बडैच अपने 12 साथियों के साथ पहले ही मौजूद थे। तभी वो नवराज और उसके दोस्त में बहसने लगे। इसके बाद उन्होंने दोनों पर लाठी-डंडे व कृपाण से हमला कर दिया।

# राहुल की सदस्यता खत्म करने का नोटिस लोकसभा में पेश

### भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पेश किया प्रस्ताव

**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में विशिष्ट प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया। राहुल पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है। सरकार राहुल के खिलाफ सदन में उनकी स्पीच के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं लाएगी। भाजपा राहुल भाषण से आपत्तिजनक हिस्से हटाने को लेकर अड़ी है।



राहुल पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया

### सदन में नियमों का उल्लंघन नहीं कर सकते : रीजीजू

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस के कई सांसदों से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को यह समझाने के लिए कहा है कि यदि वह सदन में नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए बोलते हैं तो उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जा सकता है। सदन को ''गुमराह'' करने और ''बेबुनियाद बयान'' देने के लिए राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव का नोटिस देने की घोषणा के एक दिन बाद यह बात कही।



गुमराह करने और बेबुनियाद बयान दे रहे

**अब्दुल रहमान मामला**

## जेल सुपरिटेंडेंट सस्पेंड डीएसपी को भी हटाया

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** नीमका जिला जेल में राम मंदिर पर हमले की साजिश रचने वाले संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। डीजीपी जेल आलोक मित्तल ने इस मामले में जेल सुपरिंटेंडेंट हरेंद्र को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही डीएसपी सुरक्षा जेल सचिन भी सस्पेंड कर दिए गए है। बता दें कि चार दिन पहले सिक्योरिटी बैरक में यूपी के मिल्कीपुर के रहने वाले अब्दुल रहमान की नुकीले पत्थर से वार कर हत्या कर दी गई थी। हत्या इसी बैरक में बंद जम्मू के रहने वाले अरुण चौधरी उर्फ अबू जट ने राम मंदिर को लेकर हुई बहस के बाद की थी।

■ नुकीले पत्थर से वार कर की गई थी हत्या

## राष्ट्रपति मैक्रों के भारत आने पर हो सकता है सौदा

# फ्रांस से 114 नए राफेल खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी, सीमावर्ती इलाकों में बढ़ेगी सैन्य ताकत

**3.25 लाख करोड़ की डिफेंस डील**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने गुरुवार को फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस डील की कीमत करीब 3.25 लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) के पास भेजा जाएगा। वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के 17-20 फरवरी के 3 दिवसीय भारत दौरे पर सौदा हो सकता है। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी।

*राफेल के अलावा भारतीय नौसेना की ताकत में इजाफा के लिए छह पी-81 समुद्री गश्ती विमानों की खरीद को भी मंजूरी दी है।*

### भारत में ही बनाए जाएंगे इनमें से 96 विमान



इस प्रस्ताव के अनुसार, भारत फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन से 18 राफेल विमान सीधे खरीदेगा। बाकी 96 विमान भारत में ही बनाए जाएंगे। इनमें से कुछ विमान दो सीट वाले होंगे, जिनका उपयोग पायलटों को ट्रेनिंग देने के लिए किया जाएगा। इस डील में आधुनिक तकनीक भारत को देने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने की बात भी शामिल है। भारतीय वायुसेना के के बेड़े में पहले से ही दो स्क्वाड्रनों में 36 राफेल विमान शामिल हैं, जिनमें से 'सी' वेरिएंट की अंतिम डिलीवरी दिसंबर 2024 में हुई थी। इसके अलावा भारतीय नौसेना ने भी 'एम' वेरिएंट के 26 राफेल विमानों का ऑर्डर भी दिया गया है, जिनकी कीमत करीब 63,000 करोड़ रुपए है।

### मेक इन इंडिया के तहत होगा सौदा

यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। हाल ही में डसॉल्ट ने डसॉल्ट रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 49% से बढ़ाकर 51% कर ली है। इस जॉइंट वेंचर में अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भी भागीदार है। डसॉल्ट सभी 114 राफेल जेट में भारतीय हथियार, मिसाइल और गोला-बारूद को इंटीग्रेट करेगा। साथ ही सुरक्षित डेटा लिंक भी उपलब्ध कराएगा, जिससे विमानों को भारतीय रडार और सेंसर सिस्टम से जोड़ा जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### 35 करोड़ की लागत से बनेगा लोकायुक्त भवन

**चंडीगढ़।** लोकायुक्त न्यायमूर्ति हरि पाल वर्मा ने पंचकूला सेक्टर -1 में लोकायुक्त भवन का शिलान्यास किया। इस भवन का निर्माण लगभग 35.25 करोड़ की राशि से राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई 1.09 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक चार मंजिला लोकायुक्त भवन में बेसमेंट, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### चंडीगढ़ स्टेशन से 15 किलो चरस बरामद

**चंडीगढ़।** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी), हरियाणा ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर नशा तस्करी के विरुद्ध एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए 15 किलो 84 ग्राम चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मामले में राहुल और रमजान को गिरफ्तार किया है।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 1849 चालान काटे

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) ने राज्य में प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रवर्तन कार्रवाई को और अधिक सुदृढ़ किया है। ये कार्रवाई केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा अधिसूचित नियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुपालन की जा रही है। बोर्ड द्वारा राज्यभर में व्यापक प्रवर्तन कार्रवाई की गई, जिसके अंतर्गत कुल 1849 चालान जारी किए गए।

### हरियाणा में यात्रा भत्ता नियमों में संशोधन

**चंडीगढ़।** सरकार के वित्त विभाग ने हरियाणा सिविल सेवा (यात्रा भत्ता) नियम, 2016 में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए नई अधिसूचना जारी की है। यह संशोधन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 309 के प्रावधानों के तहत किया गया है। अधिसूचना के अनुसार इन नियमों को हरियाणा सिविल सेवा (यात्रा भत्ता) संशोधन नियम, 2026 कहा जाएगा। संशोधन के तहत विशेष रूप से अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को विकल्प प्रदान किया गया है।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इंडस्ट्री-लेबर फ्रेंडली काउंसिल की बैठक ली

# उद्योगों व श्रमिकों के हित को समान महत्व दे रही सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य फोकस विकसित उद्योग , विकसित श्रमिक पर रहेगा ताकि राज्य की प्रगति और अधिक तेजी से हो सके। मुख्यमंत्री बुधवार देर शाम चंडीगढ़ में इंडस्ट्री -लेबर फ्रेंडली कॉउन्सिल की प्रथम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री और काउंसिल चेयरपर्सन नायब सिंह सैनी ने बताया कि जब तक किसी प्रदेश में उद्योग निर्बाध गति से नहीं चलेंगे और वहां के श्रमिक खुशहाल नहीं होंगे तब तक वह प्रदेश आर्थिक रूप से प्रगति नहीं कर सकता। इन दोनों वर्गों में सामंजस्य होना आवश्यक है।

■ सीएम बोले- काउंसिल गठित करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बना

उन्होंने बताया कि इसी मैत्री एवं भाईचारे की भावना को ध्यान में रख कर ही इंडस्ट्री -लेबर फ्रेंडली काउंसिल का गठन किया गया है। इस प्रकार की काउंसिल गठित करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है।कॉउन्सिल उद्योगों एवं श्रमिकों से संबंधित सरकार की घोषणाओं की भी समीक्षा करेगी और श्रमिकों की सुरक्षा , उद्योग - श्रमिक विवाद को सुलझाने , आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों में श्रमिकों के कौशल विकास को अपग्रेड करने से संबंधित सुझाव भी देगी।

#### श्रमिकों की उत्पादकता बढ़ाने पर फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉउन्सिल के माध्यम से राज्य के उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की उत्पादकता बढ़ाने पर भी विशेष बल रहेगा , क्योंकि उत्पादकता बढ़ने से जीडीपी में भी बढ़ौतरी होगी जो कि देश एवं प्रदेश के विकास का मुख्य आधार है। उन्होंने कहा किकरीब दो लाख सूक्ष्म एवं मध्यम दर्जे के उद्योग इंडस्ट्रियल एरिया से बाहर चल रहे थे जिसके कारण उनको कई प्रकार की सुविधाएं नहीं मिल पा रही थी।

### पानीपत के बिहोली की विकास योजना को मिली मंजूरी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पानीपत के अंतर्गत आने वाले बिहोली के विकास नियोजन (डेवलपमेंट प्लान) पर विचार-विमर्श कर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि योजना को पानीपत ऑयल रिफाइनरी की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य में होने वाली सहायक गतिविधियों को विनियमित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। वहीं अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने स्टेट प्रगति डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में चल रही मेगा परियोजनाओं की प्रगति की कड़ी निगरानी की जाए और उनके क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए, ताकि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी हो सकें।

## सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में हरियाणवी आतिथ्य सत्कार के कायल हुए विदेशी मेहमान



**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को फरीदाबाद के सूरजकुंड में चल रहे 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव के दौरान प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित दोपहर के भोज की मेजबानी की। सूरजकुंड परिसर स्थित राजहंस पर्यटन केंद्र में हरियाणा मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य, विधायक गण, सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति दोपहर के भोज में शामिल हुए और हरियाणा के आतिथ्य सरकार से प्रभावित हुए। विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने दोपहर भोज की मेजबानी के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री व अन्य विशिष्ट जनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आदर सत्कार किया।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पर्यटन स्थल में रखे गए भोज के दौरान स्वयं उपस्थित विशिष्ट जनों के पास जाकर उनका कुशलक्षेम पूछा।

### झूला हादसे में घायल हुए लोगों से मिले मुख्यमंत्री



**फरीदाबाद।** गत दिनों सूरजकुंड झूला हादसे के बाद वीरवार 12 फरवरी को मेला परिसर में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सुप्रीम अस्पताल में भर्ती तीन घायलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## सूरजकुंड में बनी भाजपा के महा प्रशिक्षण अभियान की रूपरेखा



**फरीदाबाद।** समय-समय पर कार्यकर्ता निर्माण के कार्यक्रम चलाने वाली भारतीय जनता पार्टी ने इस वर्ष महा प्रशिक्षण अभियान 2026 चलाने का निर्णय लिया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न स्तरों पर साल भर चलाए जाएंगे। फरीदाबाद के सूरजकुंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में तीन सत्रीय प्रदेश स्तरीय पहली कार्यशाला रखी गई, जिसमें राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सहित अनेक वक्ताओं ने आगामी दिनों में होने वाले मंडल, जिला व प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा उपस्थित प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और प्रशिक्षण टोली के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करके रूपरेखा तैयार की।

## सरकार की गलत नीतियों के कारण बिजली निगमों का घाटा बढ़ा : ढांडा



■ महंगे टैरिफ व लगातार बढ़ते बिजली बिलों से उपभोक्ता परेशान

■ निगमों पर 27,915 करोड़ का संचित घाटा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा की सरकार और मुख्यमंत्री नायब सैनी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दस साल की सरकार ने बिजली क्षेत्र को कर्ज और घाटे में डुबो दिया है। उन्होंने कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार हरियाणा के बिजली वितरण निगमों पर 27,915 करोड़ का संचित घाटा है और कुल उधारी 20,311 करोड़ तक पहुंच चुकी है। यह स्थिति बताती है कि सरकार न तो वित्तीय सुधार कर पाई और न ही उपभोक्ताओं को राहत दे पाई।

हरियाणा का आम परिवार महंगे टैरिफ, भारी फिक्स्ड चार्ज और लगातार बढ़ते बिजली बिलों से परेशान है, लेकिन सरकार के पास कोई ठोस जवाब नहीं है। अनुराग ढांडा ने कहा कि भाजपा सरकार की विफल नीतियों का परिणाम है कि बिजली निगमों की हालत लगातार बिगड़ती गई। घाटा कम करने के बजाय उधारी बढ़ती गई और उसका बोझ सीधे जनता पर डाला गया। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार का उदाहरण देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2600 करोड़ का लाभ कमाया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में बड़ी बढ़ोतरी है। राष्ट्रीय रैंकिंग में पीएसपीसीएल ने ए+ ग्रेड के साथ देश में दूसरा स्थान हासिल किया है।

## वासुदेव शर्मा बने इनेलो के संसदीय बोर्ड के चेयरमैन

**चंडीगढ़।** इनेलो संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए नेशनल पार्लियामेंट्री बोर्ड चेयरमैन समेत एक सदस्य सचिव और पांच नए सदस्य बनाए गए हैं। पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला की जगह नया चेयरमैन नियुक्त किया है। पूर्व विधायक भरत सिंह छोकर को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी देते हुए मेंबर सेक्रेटरी बनाया गया है। पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस चौधरी, पूर्व डीजीपी एमएस मलिक, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश भारती, पूर्व विधायक राधे श्याम शर्मा, डबवाली से इनेलो विधायक अदित्य देवीलाल, रानियां से इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला, पूर्व विधायक ओम प्रकाश गोरा, पूर्व विधायक धर्मपाल ओबरा, पूर्व विधायक रणवीर सिंह मंदोला और कमल नागपाल को सदस्य नियुक्त किया गया है। नेशनल पार्लियामेंट्री बोर्ड में बदलाव के बाद अब सदस्यों की संख्या 6 से बढ़कर 11 हो गई है। अभय चौटाला ने कहा कि संगठन विस्तार से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इनेलो प्रदेशभर में जनसंपर्क अभियान भी चलाएगी।



■ पूर्व विधायक छोकर मेंबर सेक्रेटरी, राधे श्याम शर्मा को बनाया गया सदस्य

## पुलिस भर्ती का फर्जी पीएमटी व पीएसटी का शेड्यूल वायरल

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पुलिस भर्तियों को लेकर चल रही आवेदन प्रक्रिया के बीच सोशल मीडिया पर पीएमटी व पीएसटी को लेकर शेड्यूल वायरल होने से प्रदेश के लाखों युवाओं में अफरा-तफरी मच गई। हरियाणा पुलिस में 5500 कांस्टेबलों के लिए करीब तीन लाख युवाओं ने आवेदन किया है। इसके लिए 31 जनवरी आवेदन की अंतिम तिथि थी। आवेदन के बाद अभ्यर्थी इन दिनों पीएमटी व पीएसटी की तैयारियों में जुटे हुए हैं। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अभी अगला अधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है लेकिन बुधवार रात शरारती तत्वों ने सोशल मीडिया पर पीएमटी व पीएसटी का कार्यक्रम जारी कर दिया, जिसे आयोग ने फर्जी बताया है।


**डिमांड नोटिस**

चूंकि परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे वर्णित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में कार्य करते हुए) (यहां इसके पश्चात "एआरसीआईएल" के रूप में संदर्भित) कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित और प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण (यहां इसके पश्चात "दि सरफेसी एक्ट" के रूप में संदर्भित) के भारतीय रिजर्व बैंक के पास एक परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी के रूप में पंजीकृत है, का प्राधिकृत अधिकारी और चूंकि नीचे वर्णित चार्ट के कॉलम सं. 2 में वर्णित अनुसार कर्जदार/सह-कर्जदारों ने आईआईएफएल-होम फाइनेंस लि. मूल ऋणदाता से ऋण प्राप्त किया और चूंकि एआरसीआईएल ने सर्फेसी एक्ट के तहत सिक्योर्ड क्रेडिटर के नाते यहां नीचे वर्णित ऋण अकाउंट्स के सम्बन्ध में वित्तीय परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण किया और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 2 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें सूचना की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचनाओं में वर्णित राशि सहित उन पर आगे के ब्याज का पुनर्भुगतान करने के लिए यहां नीचे वर्णित अनुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों का आह्वान किया, परन्तु उन नोटिसों में से कुछ की विभिन्न कारणों की वजह से तामिल नहीं हो सकी। ट्रस्ट का नाम : एआरसीआईएल-ट्रस्ट-2026-015

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री प्रवीन श्रीमती किरण कौर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10615334) | 05-जन.-2026, रु. 1534190.76/- (रुपये पन्द्रह लाख चौंतीस हजार एक सौ नब्बे और छिहत्तर पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- पट्टी इंसार पानीपत तहसील व जिला पानीपत 132103 में स्थित खेवट नं. 1890 खसरा नं. 4336/2(10-12) में निहित। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 450.00 |
| श्री सोहन लाल श्रीमती कमला देवी सोहन टाइल मिस्त्री ठेकेदार (प्रोस्पेक्ट नं. IL10650292) | 05-जन.-2026, रु. 700277.42/- (रुपये सात लाख दो सौ सतहत्तर और बयालीस पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- प्लॉट/मकान सम्पत्ति यूआईडी नं. 5834851000s0r0082a गांव फतेहगढ़ झारौली, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र-136135 में स्थित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 889.20, 800.00 |

इसलिए सूचना के प्रकाशन के 60 दिन के अंदर, सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार के विरूद्ध, यहां ऊपर दर्शाये अनुसार कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए उनका आह्वान करते हुए, यहां ऊपर वर्णितानुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों को नोटिस दिया जाता है। सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार द्वारा आगे के ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, एआरसीआईएल ऊपर वर्णित अनुसार सम्पत्तियों पर प्रतिभूति हित के प्रवर्तन के लिए धारा 13(4) के तहत कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे, अधिनियम और यहां इनके तहत बनाए गए नियमों के अन्तर्गत निर्धारित अनुसार अन्य तरीकों से सूचना की तामिल के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं। आपको नोटिस दिया जाता है कि सरफेसी एक्ट की धारा 13 (8) में वर्णित अनुसार बिक्री द्वारा हस्तांतरण के लिए निजी सन्धि अथवा सार्वजनिक नीलामी के लिए सूचना के प्रकाशन की तिथि से पूर्व किसी भी समय सम्पूर्ण देय राशि के साथ-साथ लागत, परिव्यय और एआरसीआईएल द्वारा किए गए व्यय के भुगतान करने पर उक्त गिरवी को छुड़ाया जा सकता है। ध्यान दें कि सरफेसी एक्ट की एस-13 (13) के सम्बन्ध में, आपको बिक्री द्वारा, लीज अथवा किसी अन्य तरीके से प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के साथ डीलिंग और/अथवा हस्तांतरण करने से एतद द्वारा निषेध किया जाता है।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 13.02.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि. (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

**परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि.** CIN No.-U65999MH2002PLC134884
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29 सेनापति बापत मार्ग, दादर (पश्चिम), मुम्बई-400028, Tel: +91 2266581300. Website: www.arcil.co.in


इनेलो नेता संपत सिंह का दावा

## सरकार ने दो लाख से ज्यादा बुजुर्गों का सम्मान भत्ता काट दिया

**चंडीगढ़।** पूर्व मंत्री और इनेलो राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 10 फरवरी को बयान में इस सच्चाई को मान लिया कि प्रदेश के 232742 बुजुर्गों का सम्मान भत्ता काट दिया है। मौजूदा सरकार ने अक्टूबर 2025 में बुजुर्गों का सम्मान भत्ता 3200 रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा की थी। जबकि अब तक यह 3000 रुपये ही मिल रहा है। 3 फरवरी को हिसार में इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने स्टेट कार्यकारिणी व जिलाध्यक्षों की मीटिंग बुलाई थी। बैठक में हरियाणा सरकार द्वारा बुजुर्गों के सम्मान भत्ते बंद करने के विषय पर गहन चर्चा हुई। बैठक में फैसला लिया गया कि बुजुर्गों के सम्मान भत्ते की शुरुआत चौधरी देवीलाल ने 1987 में की थी। जिस पर समयानुसार कई जनविरोधी खास करके कांग्रेस और बीजेपी सरकार ने अलग-अलग शर्तें लगाकर इस सम्मान पर चोट मारने की कोशिश की।

■ सरकार नई शर्तें लगाकर रोक रही पेंशन

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

## समन्वय समिति का गठन मुख्य सचिव अध्यक्ष होंगे

**चंडीगढ़।** सरकार ने राज्य स्तर पर पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समग्र निगरानी हेतु मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) का गठन किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, समिति में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, आवास एवं शहरी कार्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, ग्रामीण विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के अध्यक्ष, हरियाणा के सभी बिजली वितरण निगमों (यूएचबीवीएनएल एवं डीएचबीवीएनएल) के प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी बतौर सदस्य शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहेंगे।

■ समिति में कई विभागों के अधिकारी शामिल

### महेंद्रगढ़ में खेलो इंडिया के 15 सेंटर खुलेंगे

**चंडीगढ़।** प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को तराशने और भविष्य के ओलंपिक चैंपियन तैयार करने की दिशा में सरकार ने अहम कदम उठाया है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने देश भर में 139 अतिरिक्त खेलों इंडिया केंद्रों को मंजूरी दी है। इसके तहत महेंद्रगढ़ जिले में भी विभिन्न 15 खेलों के केंद्र स्थापित किए जाएंगे। खेल विभाग के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में निम्नलिखित 15 खेल विधाओं में केंद्र स्थापित करने की योजना है। इनमें ताइक्वांडो, वुशु, कराटे, जू-जित्सु, कुराश, रोइंग, कयाकिंग और कैनोइंग, सेलिंग, शूटिंग, साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, सेपकटकरा, इक्वेस्ट्रियन (घुड़सवारी), स्क्वैश और गोल्फ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रों की स्थापना के लिए उन संस्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके पास खेल के लिए पर्याप्त मैदान व अन्य सुविधाएं है।


"अन्न दाता: देवो भव:"

**कृषि दर्शन एक्सपो** 14th Edition

**14 15 16 फरवरी, 2026**

स्थान :- उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टी. टी. सी.) हिसार, हरियाणा

**देश की सबसे बड़ी 'कृषि एवं औद्योगिक प्रर्दशनी' में आप सभी सादर आमंत्रित है।**

मुख्य आकर्षण
- आधुनिक व नई तकनीक वाले कृषि यंत्र
- खेती में ड्रोन का इस्तेमाल
- जैविक खेती
- सूक्ष्म सिंचाई व ग्रीनहाऊस
- उन्नत बीज, कीटनाशक व उर्वरक
- कृषि सम्बन्धित लोन व योजनाएं
- पम्प व सोलर तकनीक
- पशु पालन व डेयरी

हरियाणवी सांस्कृति कार्यक्रम
रागनी, लोक-संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

9992223116, 9992223119 www.krishidarshanexpo.com Follow us on YouTube


■ बजट सत्र की रणनीति तैयार करने में जुटी भाजपा, कांग्रेस की भी तैयारी

# मुख्यमंत्री विधायकों के साथ चर्चा करेंगे हुड्डा ने 19 को बुलाई एमएलए की बैठक

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 20 से शुरू होने जा रहा है, इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। सत्र की तैयारियां कई स्तर पर हो रही है। सत्तापक्ष अपनी रणनीति, विपक्ष अपनी रणनीति में जुटा है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण लम्बे चलने वाले सत्र की पूरी कार्ययोजना बनाने में जुट गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार का दूसरा वार्षिक बजट पेश करने की तैयारी में हैं। पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में पिछले दिनों नई दिल्ली में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हो चुकी है। बैठक में सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों पर मोटे तौर पर चर्चा हो गई है। हुड्डा ने 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक बुला ली है। बजट सत्र को लेकर पूरी प्लानिंग को अंतिम रूप दिया जा सके। इनेलो भी तैयारी कर रहा है।

#### 19 को तय हो जाएगी सत्र की अवधि

सत्र की अवधि कितनी होगी और कितनी सिटिंग होंगी इस बात का फैसला 19 फरवरी को स्पीकर हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में विधानसभा बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में होगा। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, उर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज, संसदीय कार्य मामले मंत्री महिपाल सिंह ढांडा सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

#### सिंगल सीटिंग को लेकर स्पीकर के पास सुझाव

सरकार के कई मंत्रियों के अलावा विधायकों (पक्ष और विपक्ष) की ओर से विसअध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से आग्रह किया गया है कि बजट सत्र के दौरान सिंगल सिटिंग ही की जाए। मंत्रियों और विधायकों का तर्क है कि एक ही दिन में डबल सिटिंग होने से कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव होता है।

#### 27 को बजट पेश कर सकते हैं मुख्यमंत्री

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तरह वित्त मंत्रालय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रखा हुआ है। वे लगातार दूसरी बार अपनी सरकार का सालाना बजट पेश करेंगे। संभावनाएं हैं कि मुख्यमंत्री 27 फरवरी को बजट पेश कर सकते हैं। बजट पेश होने के बाद सप्ताह-दस दिन का ब्रेक हो सकता है। स्पीकर विभिन्न विभागों के लिए कमेटियों का गठन करेंगे ताकि विधायक बजट का अध्ययन करके रिपोर्ट दे सकें।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में नारनौंद में 50 बिस्तर से 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (एचवीएसी सिस्टम का प्रावधान केवल) (बकाया कार्य)। | 11.02.2026 18.02.2026 | 77.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | खानपुर डिस्टी. के विभिन्न कि.मी. पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग (बाढ़ के पानी की वजह से) की मरम्मत + 10 कार्य। | 11.02.2026 19.02.2026 | 12.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पानीपत | कैनाल कॉलोनी बिंझोल, पानीपत में सिनि. टाइप क्वार्टर नं. 3 में आवधिक मरम्मत और रखरखाव कार्य के लिए आकलन + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.02.2026 | 6.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल, गोहाना में गांव बरोदा में बाढ़ संरक्षण कार्य के लिए नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 09.02.2026 16.02.2026 | 28.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | 1800 मिमी डाया पाइप के जंक्शन प्वाइंट पर गांव भैणी सुरजन, भैणी चन्द्रपाल और सैमाण आउटफॉलिंग के नीचे पड़ने वाले क्षेत्रों के पानी को निकालने के लिए भूमिगत आरसीसी एनपी3 पाइप लाइन 900 मिमी, 1200 मिमी डाया को बिछाना + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.02.2026 | 1469.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | भालोठ सब ब्रांच के भालोठ सब ब्रांच (क्रॉसिंग डीडी8) के आरडी 83000 पर एक्वेडक्ट और एस्कैप का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 02.03.2026 | 1684.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | रूपावास :- आरसीसी पाइप इनलेट चैनल को बदलना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग और स्नोसेम, वितरण पाइप लाइन बिछाना, स्लुइस वॉल्व हौदियां, नये टैप कनेक्शन और बहाली तथा रूपावास में उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 10.02.2026 05.03.2026 | 128.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव लधियापुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 4 कार्य। | 10.02.2026 18.02.2026 | 181.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | झांसा - गांव झांसा ब्लॉक इस्माइलाबाद, जिला कुरुक्षेत्र में ई-लाइब्रेरी का निर्माण। | 11.02.2026 17.02.2026 | 30.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज भिवानी | गांव सिकंदरपुर ब्लॉक बवानीखेड़ा में बाल्मिकी धर्मशाला में हॉल और बरामदे का निर्माण, एचजीवीवाई + 6 कार्य। | 11.02.2026 17.02.2026 | 217.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज भिवानी | गांव कौंट, भिवानी में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 11.02.2026 17.02.2026 | 52.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 12 | सिविल सर्जन जीन्द | डेंटल ऑर्थो और अन्य मदों को खरीदने के लिए ई-निविदा सूचना का प्रकाशन करना। | 11.02.2026 23.02.2026 | ईएमडी 30000 | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/240/42976/I/88/6 दि. 12.02.26




## डिस्ट्रिक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सोसायटी के कर्मचारी संशय में

# जॉब सिक्योरिटी से डीआईटीएस के 2200 कर्मी बाहर, राहत के लिए काट रहे चक्कर

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

प्रदेश की भाजपा सरकार ने चुनावों में कच्चे कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने का वादा किया था। इस वादे को पूरा करते हुए अब जॉब सिक्योरिटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जारी हैं। दूसरी ओर, डिस्ट्रिक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सोसायटी के तहत सरकार के लिए काम कर रहे 2768 कर्मचारी इस दायरे से बाहर होने से खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इनमें से पांच साल से ज्यादा समय से काम कर रहे करीब 2200 से ज्यादा कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) में तो शामिल किया गया है, लेकिन जॉब सिक्योरिटी का लाभ नहीं दिया जा रहा। विभाग का तर्क है कि ये कर्मचारी सोसायटी के अधीन हैं और सुरक्षा अधिनियम 2024 के अनुसार नौकरी की सुरक्षा का लाभ केवल विभागों, बोर्डों, निगमों व प्राधिकरणों के संविदा कर्मचारियों को ही प्राप्त है। ऐसे में अब यह कर्मचारी जगह-जगह ज्ञापन देकर फरियाद कर रहे हैं। डीआईटीसी में करीब 2768 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से 2200 पांच साल की शर्त पूरी करते हैं।

*नियम पर पेंच : केवल विभागों, बोर्डों, प्राधिकरणों और निगमों के संविदा कर्मियों को ही मिलेगा योजना का लाभ*

- एचकेआरएनएल में तो शामिल किया, लेकिन जॉब सिक्योरिटी के लिए दस्तावेज नहीं हो रहे अपलोड
- कुल 2768 कर्मचारियों में से करीब 2200 पांच साल की शर्त कर रहे हैं पूरी


महेंद्रगढ़ में जॉब सिक्योरिटी के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपते डीआईटीएस कर्मचारी।

### 20 तक होना है रजिस्ट्रेशन, ओटीपी नहीं आ रहा

प्रदेश सरकार ने जॉब सिक्योरिटी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल 25 दिसम्बर 2025 को ओपन किया था, इसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की थी, लेकिन कर्मचारियों को रजिस्ट्रेशन के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) नहीं मिल रहा था। इसकी शिकायत एचआरडी (ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट) व एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र) को की गई। हालांकि प्रदेश सरकार ने रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल की तिथि आगे 20 फरवरी तक बढ़ा दी है, लेकिन इसी बीच ओटीपी नहीं मिलने की शिकायत जब उच्च अधिकारियों के पास भेजी तो पता चला कि डीआईटीएस यानी डिस्ट्रिक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सोसायटी इसमें शामिल ही नहीं है। जब पत्राचार किया गया तो पता चला कि डीआईटीएस को इस जॉब सिक्योरिटी पोर्टल से बाहर रखा गया है।

### प्रदेश की कई संस्थाओं के कर्मियों के सामने संकट

डीआईटीएस यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि एचकेआरएनएल में डीआईटीएस को शामिल तो कर लिया गया, पर जब जॉब सिक्योरिटी में शामिल करने की बात आई तो बाहर कर दिया गया। इस संबंध में चीफ सेकेट्ररी व सीएम नायाब सिंह सैनी से भी 5-6 मिल चुके हैं। डीआईटीएस को जॉब सिक्योरटी नहीं मिलने पर कर्मचारियों में नाराजगी है। डीआईटीएस के अलावा करीब 70 ऐसी संस्थाएं हैं जिन्हें जॉब सिक्योरिटी से बाहर रखा गया है। इनमें प्रदेश की अनेक यूनिवर्सिटी व सहकारिता बैंक भी शामिल हैं। हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ ने मांग पूरी करवाने के लिए प्रदेशभर में हर जिला वाइज रूपरेखा तैयार की है। सभी जिला कार्यसमितियां बैठक के फैसले अनुसार सीएम आवास जाएगी। जिला वाइज तारीख निर्धारित की गई है। जिला में विधायकों को ज्ञापन देते हुए ईमेल के माध्यम से सीएम कार्यालय के साथ साथ वित्तायुक्त राजस्व को भी ईमेल की जाएगी। विधायक या मंत्री को मांग पत्र सौंपा जाएगा।




# पुलिस हिरासत में प्रताड़ना और पैसे मांगने के आरोप, व्यक्ति की मौत

- परिजनों का आरोप-हिरासत से आने के बाद बेहद तनाव में था बृज किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

शहर के अशोक नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान अशोक नगर निवासी बृज किशोर के रूप में हुई है, जो स्थानीय ढाबे पर तंदूर का काम करता था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की कथित प्रताड़ना और मानसिक दबाव के चलते उसकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने मामले में किसी भी प्रकार की प्रताड़ना से इनकार करते हुए कहा है कि स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। मृतक के बेटे आकाश ने बताया कि कुछ दिन पहले पड़ोस में हुए एक झगड़े के दौरान उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था। आरोप है कि थाने में उसके साथ मारपीट की गई और उसे छोड़ने के एवज में पैसों की मांग की गई। परिजनों का कहना है कि इस घटना के बाद से बृज किशोर गहरे तनाव में था।

मृतक की पत्नी और बहन ने भी आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा लगातार दबाव बनाए जाने से परिवार मानसिक रूप से परेशान था। उनका कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद उनसे पैसे मांगे गए, जिससे बृज किशोर टूट गया। परिवार ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। डायल-112 के प्रभारी सब इंस्पेक्टर बलवान सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। सिटी थाना एसएचओ प्रवीण कुमार के अनुसार मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# पुलिस जवान ने कार से ई-रिक्शा में मारी टक्कर, युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला कैंट में पुलिस जवान की तेज रफ्तार कार ने एक युवती को कुचल दिया। युवती रेलवे स्टेशन से अपने भाई के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर आ रही थी। रास्ते में कार ने उनको टक्कर मार दी, टायर युवती के ऊपर से गुजर गया। लोगों ने कार चालक पुलिस जवान को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई की। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह आरोपी जवान को लोगों को छुड़ाया। इसके बाद जख्मी युवती को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया, यहां लड़की को मृत घोषित कर दिया गया। युवती की मौत की खबर लगते ही परिजनों ने नागरिक अस्पताल में हंगामा कर दिया और आरोपी के मेडिकल की मांग की। आरोपी पुलिस कर्मी की पहचान बलदेव नगर चौकी के ईएचसी अमित कुमार के तौर पर हुई है। परिजनों का आरोप है कि वह नशे की हालत में था।

हादसा बुधवार देर रात काली पलटन पुल के पास हुआ। बलदेव नगर चौकी का ईएचसी अमित कुमार अपनी होंडा सिटी कार से कैंट से सिटी की ओर जा रहा था। गुरुग्राम से शादी में शामिल होने आई निकिता बजाज अपने भाई हर्ष के साथ अपने घर करतार नगर ई रिक्शा से जा रही थी। तभी कार ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा में 4 सवारियां थीं। इसमें निकिता गंभीर रूप से घायल हो गई।


अंबाला। नागरिक अस्पताल में पुलिस के सामने रोष जताते परिजन।

### एयर होस्टेटस का किया था कोर्स

24 वर्षीय निकिता अंबाला शहर के करतार नगर की रहने वाली थी। वह एयर हॉस्टेस का कोर्स करने के बाद गुरुग्राम में मैक्स इंटरनेशनल में नौकरी करती थी। लालकुर्ती चौकी इंचार्ज राजेंद्र के अनुसार आरोपी पुलिसकर्मी अमित कुमार को हिरासत में ले लिया गया है।

# ईडी ने मेटल फैक्ट्री मालिक के घर की रेड

**यमुनानगर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने वीरवार सुबह छछरौली रोड स्थित मेटल फैक्ट्री के मालिक के घर पर रेड की है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम सुबह करीब सात बजे पंजाब नंबर की गाड़ियों में मौके पर पहुंची और सीधे घर के अंदर प्रवेश कर जांच शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक ईडी की कार्रवाई जारी थी। ईडी की कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। टीम ने घर के भीतर मौजूद लोगों की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए किसी को भी बाहर आने की अनुमति नहीं दी।

# कुरुक्षेत्र में एक साथ 3000 युवाओं ने किया सूर्य नमस्कार, प्रदेश में 55 लाख रहे पंजीकरण



### योग गुरु रामदेव ने किया प्रेरित

*कुरुक्षेत्र। श्रीमद भगवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में करीब 3000 युवाओं ने हिस्सा लिया। स्वामी रामदेव ने कहा कि उन्हें सूर्य नमस्कार का अभ्यास ही नहीं करना है, बल्कि सूर्य की भांति तेज भी बनना है। 12 जनवरी से यह अभियान पूरे प्रदेश में शुरू हुआ था, जिसमें 55 लाख ने पंजीकरण करवाया था।*

# आतंकी होने का डर दिखा 14.27 लाख ठगी केस में एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** आतंकी गतिविधि में शामिल होने व हवाला का पैसा प्राप्त करने का डर दिखाकर 14 लाख 27 हजार रुपये की ठगी में खाताधारक को साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने गिरफ्तार किया है। सेक्टर-37 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 30 नवंबर 2025 को उसके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने स्वयं को पंचकूला पुलिस हेडक्वार्टर से बताकर कहा कि उसका नाम पहलगाम टेरर एक्टिविटी में शामिल है। उसे डराया गया कि उसके खाते में हवाला के पैसों का लेन-देन हुआ है। ठगों के झांसे व डर की वजह से उसने बताए गए खातों में पैसे ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने इस मामले में आरोपी खाताधारक लखदान निवासी राय कॉलोनी, बाड़मेर राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

# किशोरी के अपहरण-रेप में दंपति व बेटे को 20-20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लोकेश गुप्ता अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में संलिप्त युवक और उसके माता-पिता को दोषी करार देते हुए 20-20 साल कैद और 77 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिले के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने खोल थाना पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि 10 अक्टूबर 2020 को उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी घर से लापता हो गई है। उसने गांव में जेसीबी पर काम करने वाले चालक जिला नूंह के गांव पपड़वास निवासी राहुल उर्फ मोहम्मद रिजवान पर अपहरण करने का आरोप लगाया था, जिसने उनकी नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ भी की थी। आरोपी को पकड़ा गया था, लेकिन लड़की नहीं मिली थी। इसके बाद नाबालिग लड़की ने फोन पर अपने परिजनों से बात की तो पुलिस ने उसे बावल के गांव प्राणपुरा-पावटी के नजदीक खेतों से बरामद कर लिया था। नाबालिग ने बताया था कि उसे यूपी के जिला अलीगढ़ के गांव अतरौली निवासी हरी सिंह, उसकी पत्नी राजवती व उसके बेटे मुकेश ने बंधक बनाकर रखा हुआ था। उसने बताया कि मुकेश ने उससे कई बार दुष्कर्म भी किया, जिसके बाद पुलिस तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अदालत ने चौथे आरोपी राहुल उर्फ मोहम्मद रिजवान को दोषी करार देते हुए पांच साल कैद और 6 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# नाबालिग के अपहरण व दुराचार में युवक को 20 वर्ष कैद की सजा

**अंबाला।** पॉक्सो की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे मनपाल रमावत ने दोषी अजेश पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। मामला 29 जनवरी 2024 का है। जब नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की साढ़े 17 वर्षीय किशोरी घर से लापता हो गई थी। लड़की के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी बेटी सुबह सैर पर निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। 30 जनवरी 2024 को केस दर्ज किया गया। जांच में 3 फरवरी 2024 को पुलिस ने किशोरी को नारायणगढ़ की अनाज मंडी से बरामद कर लिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी अजेश ने कई बार दुष्कर्म किया। अजेश को 5 फरवरी को गिरफ्तार किया गया।

## प्रदेश में सोलर ट्यूबवेल लगवाने का रूझान, 183717 लग चुके

# सौर ऊर्जा से सिंचाई में म्हारे किसान आगे, देश में दूसरा नंबर

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

ग्रिड बिजली की बचत करने के लिए सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से 31 दिसंबर 2025 तक हरियाणा में 183717 सोलर ट्यूबवेल स्थापित कराए हैं। इस कार्य में हरियाणा देश में दूसरे स्थान पर रहा। 483616 ट्यूबवेल लगाकर महाराष्ट्र प्रथम,121940 के साथ राजस्थान तीसरे और देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश 66568 सोलर पंपसेट लगवाकर चौथे स्थान पर रहा। हरियाणा को आगामी 31 मार्च तक 33283 टयूबवेल और लगवाने हैं। इसके बाद कुल संख्या 217000 हो जाएगी।

31 मार्च तक 33283 और सोलर पंप लगाने का प्रदेश सरकार का लक्ष्य

पीएम कुसुम योजना में सोलर पंप लगवाने को सरकार देती है 75 प्रतिशत अनुदान



### ट्यूबवेल की बिजली पर सरकार देती है भारी सब्सिडी

*प्रदेश में कृषि क्षेत्र के लिए बिजली दरें बहुत रियायती हैं। हरियाणा में कृषि बिजली उपभोक्ताओं (ट्यूबवेल कनेक्शन) के लिए सरकार मीटर्ड कनेक्शन पर मात्र 10 पैसे प्रति यूनिट की दर से शुल्क लेती है। सरकार द्वारा ट्यूबवेल के लिए बिजली की वास्तविक लागत (7 रुपये 35 पैसे ) काफी अधिक होने के बावजूद, किसानों को भारी सब्सिडी के साथ यह दर प्रदान की जा रही है, जिससे सरकार पर भारी बोझ पड़ रहा है। इसके विकल्प के तौर पर सरकार सोलर पंप सेट स्थापित करवा रही है। सोलर पंप पर पीएम कुसुम योजना में सरकार 75 प्रतिशत अनुदान देती है। किसानों को अपने पास से केवल 25 फीसदी पैसा खर्च करना पड़ता है। इस समय 3 हॉर्स पॉवर मोटर चलाने के लिए किसान को 46890, 5 के लिए 66762, साढ़े सात के लिए 86080 और 10 हॉर्स पॉवर के लिए 1 लाख 9 हजार रुपये देने पड़ते हैं।*

### पांच साल का मिलता है बीमा, उपकरण चोरी का डर नहीं

यह सोलर पंप सिस्टम चालू होने के बाद लगातार 25 साल तक बिजली उत्पादन करता है। मोटर समेत सोलर प्लेट्स का सरकार पांच साल तक बीमा भी कराती है। अगर ये उपकरण चोरी हो जाएं तो सिस्टम स्थापित करने वाली कंपनी किसान को हर्जाना देती है। हर्जाना तभी मिलता है, जब किसान एफआईआर दर्ज कराता है। अगर एफआईआर दर्ज नहीं होगी तो फिर कंपनी भी भरपाई नहीं करती है।

### यह है सोलर पंपसेट लगाने का लक्ष्य

| वित्तीय वर्ष | लक्ष्य | उपलब्धि |
|---|---|---|
| 2020-21 | 15000 | 11475 |
| 2021-22 | 22000 | 20681 |
| 2022-23 | 20000 | 17894 |
| 2023-24 | 50000 | 39296 |
| 2024-25 | 70000 | 62554 |
| 2025-26 | 40000 | 31617 |
| कुल | 217000 | 183717 |

(हरियाणा की बात करें तो हिसार 41216 पंप के साथ पहले व सिरसा 33647 के साथ दूसरे नंबर पर है)

# महिला को तीन तलाक बोलकर घर से निकाला

- देवर पर रेप का आरोप, गर्भवती होने पर जबरदस्ती दवाई खिलाकर गर्भपात करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला को तीन बार तलाक बोलकर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति के अन्य महिला के साथ अवैध संबंध हैं। जिसका विरोध करने पर मारपीट की गई और तीन तलाक बोलकर घर से निकाला गया।

25 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका निकाह उस्मान के साथ वर्ष 2023 में हुआ। निकाह के कुछ दिन बाद ही पति व ससुराल वाले प्रताड़ति करने लगे। जून 2024 में उसने बेटे को जन्म दिया। बाद में तीन लाख रुपये लाने का दबाव बनाया। 28 अप्रैल 2025 को उसके साथ मारपीट की गई और उसके पति ने तीन तलाक बोलकर उससे संबंध खत्म कर दिए। घर से निकालने का प्रयास किया लेकिन घर से नहीं निकली। इसके बाद उसके देवर जुनैद ने दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हुई तो ससुराल वालों ने जबरदस्ती उसका गर्भपात करवा दिया। पुलिस ने आरोपी पति उसमान, ससुर निसार, सास जुनूबा, देवर जुनैद व उल्फत के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## जैविक खाद्य उत्पादों का चार दिवसीय व्यापार मेला जर्मनी के न्यूर्नबर्ग में हुआ प्रारंभ

# मुक्त व्यापार समझौते से भारत और यूरोपीय संघ के जैविक खाद्य कारोबारियों की बढ़ीं उम्मीदें

एजेंसी ▶▶| न्यूर्नबर्ग (जर्मनी)

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के जैविक खाद्य कारोबारियों ने हाल में घोषित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर सकारात्मक रुख जताया और कहा है कि इससे दोनों पक्षों को बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी तथा इस क्षेत्र में बड़े अवसर उत्पन्न होंगे।

स्थायी खाद्य क्षेत्र से जुड़ी करीब 2,200 कंपनियां चार दिवसीय 'बायोफैच 2026' में अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं। इनमें भारत के 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं। यह जैविक खाद्य उत्पादों का दुनिया का प्रमुख व्यापार मेला है, जो न्यूर्नबर्ग प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित हो रहा है। मेले में भारतीय 'इंडिया कंट्री पैवेलियन' का उद्घाटन वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। यह मेला ऐसे समय हो रहा है जब भारत और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने लगभग दो दशकों की बातचीत के बाद 27 जनवरी को मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता पूरी होने की घोषणा की है। इसके करीब एक साल में हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है।



### दोनों पक्षों के लिए बड़े अवसर : अभिषेक देव

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के चेयरमैन अभिषेक देव ने कहा, '' इस क्षेत्र में दोनों पक्षों के लिए बड़े अवसर हैं।'' 'बायोफैच' में भारत 'कंट्री ऑफ द ईयर' के रूप में प्रमुख उपस्थिति दर्ज करा रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के अधीन एपीडा मेले में भारत की भागीदारी का आयोजन कर रहा है, जिसमें देश की समृद्ध कृषि विरासत और जैविक उत्पादों के भरोसेमंद वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में उसकी बढ़ती पहचान को प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार आगंतुकों को भारतीय जैविक उत्पादों, मूल्य सृजन मॉडल और साझेदारी के अवसरों की जानकारी दी जा रही है।

### फ्रांस की कंपनियां भारत में खोज रहीं साझेदार

फ्रांस जैसे क्षेत्रों की कई कंपनियां भारत में स्थानीय साझेदारों की तलाश में आक्रामक रुख अपना रही हैं। एक 'स्नैक' निर्माता ने कहा, '' अगर भारत में मांग बढ़ती है, तो हम भारत में ही उत्पादन शुरू कर सकते हैं।'' कर्नाटक स्थित जैविक बीज, जड़ी-बूटी और अनाज कारोबार से जुड़ी राजामुडी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं सह-संस्थापक नागेंद्र कुमार एच. ने हालांकि कहा कि दोनों क्षेत्रों को प्रमाणन संबंधी मुद्दों पर काम करना होगा, जो फिलहाल निर्यात में बाधा बन रहे हैं।

### *समझौते से व्यापार बढ़ाने में मिलेगी मदद*

*मेले में भारतीय 'इंडिया कंट्री पैवेलियन' का उद्घाटन वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मणिपुर के अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक देवांगन, बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास में मंत्री (कार्मिक) मंदीप सिंह तुली तथा सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव रमण कुमार भी मौजूद थे। मेले में जैविक जूस व 'स्नैक्स' निर्माता, अनाज उत्पादक और गैर-मादक पेय कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इन्होंने एक स्वर में कहा कि यह समझौता इस क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने में मदद करेगा।*

### *समझौता ईयू में 60 अरब डालर के खोलता है अवसर*

*जैविक खाद्य क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता भारतीय जैविक उत्पाद निर्यातकों के लिए ईयू में करीब 60 अरब डॉलर के अवसर खोलता है। वहीं इससे ईयू देशों को भारत के 140 करोड़ उपभोक्ताओं का बाजार भी मिलेगा। समझौते के तहत द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दोनों पक्ष सैकड़ों वस्तुओं पर आयात शुल्क खत्म या कम करेंगे।*

## वाणिज्य मंत्रालय अगले सप्ताह पेश कर सकता है निर्यात प्रोत्साहन मिशन के आठ घटक

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के आठ घटक अगले सप्ताह पेश कर सकता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल नवंबर में 45,000 करोड़ रुपये से अधिक के संयुक्त परिव्यय वाली दो योजनाओं निर्यात प्रोत्साहन मिशन (25,060 करोड़ रुपये) और ऋण गारंटी योजना (20,000 करोड़ रुपये) को मंजूरी दी थी। निर्यात प्रोत्साहन मिशन (ईपीएम) दो एकीकृत उप-योजनाओं निर्यात प्रोत्साहन (वित्तीय सहायक) और निर्यात दिशा (गैर-वित्तीय सहायक) के माध्यम से संचालित होता है। यह मिलकर वित्तीय और गैर-वित्तीय सहायता से जुड़े पहलुओं पर काम करते हैं।

■ सभी उपाय छह वर्षों 2025-31 की अवधि में लागू किए जाएंगे

**दिसंबर 2025 में शुरू की गई थी योजना:** सरकार ने दिसंबर 2025 में 4,531 करोड़ रुपये की अंतर्गत बाजार पहुंच सहायता (एमएएस) योजना शुरू की थी। सरकार ने जनवरी में 7,295 करोड़ रुपये का निर्यात सहायता पैकेज घोषित किया जिसमें 5,181 करोड़ रुपये की ब्याज सहायता योजना और 2,114 करोड़ रुपये का जमानत समर्थन शामिल है।

# सरकार ने ई-सिगरेट प्रतिबंध पर नहीं दी कोई ढील, प्रतिबंध जारी रहेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ स्वास्थ्य मंत्रालय ने खबरों पर लगाया विराम, कहा- कोई विचार नहीं चल रहा

भारत ने ई-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध में ढील देने से इनकार कर दिया है, जिससे हीट-नॉट-बर्न तंबाकू उत्पादों पर रोक बरकरार है। इससे फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल द्वारा ऐसे उपकरणों की अनुमति देने के लिए चलाए जा रहे निजी लॉबिंग अभियान को झटका लगा है। केंद्र सरकार ने 2019 में हीटेड तंबाकू उत्पाद समेत ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था। हर साल 100 अरब से अधिक की सिगरेट बिक्री के साथ मात्रा के हिसाब से भारत 7वां सबसे बड़ा बाजार है।

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिया यह जवाब:** सबसे मूल्यवान तंबाकू कंपनी फिलिप मॉरिस को उम्मीद थी कि भारत उसके हीटेड टोबैको डिवाइस आईक्यूओएस के लिए एक प्रमुख बाजार बन सकता है, जिसे कंपनी धूम्रपान से कम हानिकारक बताती है। रॉयटर्स के सवालों के जवाब में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, भारत सरकार इस प्रतिबंध को रद्द करने, संशोधित करने या शिथिल करने पर विचार नहीं कर रही है। यह भी कहा कि ई-सिगरेट संबंधी कानून हीट-नॉट-बर्न डिवाइसों पर प्रतिबंध लगाता है, और यह स्थिति बनी रहेगी।

**कार्यालय प्राचार्या चौ0 मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोड़िया खेड़ा(फतेहाबाद)**

**EXPRESSION OF INTEREST**

**कैंटीन काउन्टर को ठेके पर देने हेतु खुली बोली**

सत्र 2026-27 के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय, भोड़िया खेड़ा, फतेहाबाद के कैंटीन काउन्टर का ठेका 01 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक मान्य होगा। इसके इच्छुक बोलीदाता 5000/-रूपये का Demand Draft, Principal, Ch. Mani Ram Godara Govt. College for Women Bhodia Khera, Fatehabad के नाम बनाकर (नियम व शर्तों सहित) महाविद्यालय में दिनांक 23 फरवरी 2026 सांय 4 बजे तक कार्यालय में जमा करवा देवे। आवेदन पत्र, नियम व शर्ते महाविद्यालय की साइट http://gcwbhodiakhera.ac.in से प्राप्त करें। खुली बोली का आयोजन महाविद्यालय में दिनांक 25.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे होगा।

नोट :- कैंटीन काउन्टर के लिए केवल महिला ही आवेदन कर सकती है।

**Principal, Ch. Mani Ram Godara Govt. College for Women, Bhodia Khera, Fatehabad**

## आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 559 अंक फिसला

भाषा ▶▶| मुंबई

अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर पड़ने और कृत्रिम मेधा (एआई) से व्यवधान की आशंकाओं के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में बिकवाली से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 559 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 147 अंक के नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 558.72 अंक यानी 0.66 प्रतिशत टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 716.97 अंक के नुकसान के साथ 83,516.67 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 146.65 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,807.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे ज्यादा दबाव आईटी शेयरों पर रहा।

टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में लगभग छह प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अदाणी पोर्ट्स भी नुकसान में रहे।

## छह ब्रोकरेज ने जनवरी में एनएसई पर जोड़े 3 लाख सक्रिय निवेशक, ग्रोव सबसे आगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश की शीर्ष-10 ब्रोकरेज फर्मों में से 6 ने जनवरी में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर सक्रिय निवेशकों को जोड़ा है। ग्रोव ने अपने प्लेटफॉर्म पर 3.5 लाख निवेशक जोड़े हैं, जो 15 महीनों से अधिक समय में इसका सबसे बड़ा इजाफा है। जनवरी, 2026 के अंत में उसके एक्टिव निवेशकों की संख्या 1.25 करोड़ थी, जो इसके प्रतिस्पर्धियों की तुलना में लगभग दोगुनी है। एनएसई में इनकी कुल संख्या में केवल 3 लाख की वृद्धि हुई।

### इन ब्रोकरेज ने भी हासिल की बढ़त

राजस्व के हिसाब से देश के सबसे बड़े ब्रोकर जेरोधा के सक्रिय निवेशकों की संख्या में 15 महीनों की गिरावट के बाद जनवरी में 10,000 की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले एक साल में इसके यूजर्स की संख्या में लगभग 11 लाख की गिरावट आई है। दूसरी तरफ एंजेल वन में इस महीने 13,000 की गिरावट आई है। सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध इस ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म के निवेशकों की संख्या में पिछले साल लगभग 10 लाख की गिरावट आई है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रू. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु एग्रो मॉल, रोहतक में एचवीएसी सिस्टम का व्यापक वार्षिक रखरखाव और प्रचालन + 1 कार्य। | 11.02.2026 18.02.2026 | 78,88,965/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/42963/1/88/6 दि. 12.02.26

## रुपया 17 पैसे बढ़कर 90.61 प्रति डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** विदेशी कोषों के निवेश से निवेशकों का उत्साह बढ़ने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे बढ़कर 90.61 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.55 पर खुला, और कारोबार के दौरान 90.40 के दिन के उच्चतम स्तर तक गया और 90.65 के निचले स्तर तक आया। बृहस्पतिवार को कारोबारी सत्र के अंत में, रुपया 90.61 (अस्थायी) पर था, जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की मजबूती है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शुरू में बाजार ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का स्वागत किया, लेकिन व्हाइट हाउस के 'फैक्ट शीट' जारी करने के बाद नई चिंताएं सामने आई हैं।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में भारत को परिधान मामले में बांग्लादेश के बराबर मिलेगा लाभ

■ वस्त्रों पर शून्य शुल्क तभी लगेगा जब वे अमेरिकी कपास और कृत्रिम रेशों से बने हों

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी धागा और कपास से बने परिधान पर वही रियायती शुल्क का लाभ मिलेगा, जो बांग्लादेश को वर्तमान में मिल रहा है। अमेरिका, बांग्लादेश की वस्तुओं पर जवाबी शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा, लेकिन वस्त्रों पर शून्य शुल्क तभी लगेगा जब वे अमेरिकी कपास और कृत्रिम रेशों से बने हों। उन्होंने बताया कि अगर कोई भारतीय कंपनी अमेरिका से धागा और कपास खरीदकर परिधान बनाती है और उन्हें अमेरिका को निर्यात करती है, तो उन परिधानों को भी बांग्लादेशी कंपनियों की तरह अमेरिका में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा।

**राहुल गांधी ने लगाया था आरोप:** गोयल ने कहा कि ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया था कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता 'पूरी तरह से आत्मसमर्पण' है, जिसमें भारत की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी गई है और किसानों के हितों से समझौता किया गया है।

**सूचना**

मैं, बाला पत्नी श्री श्यामू निवासी मकान नं. 835/2, कुवां मोहल्ला जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र निखिल व मेरी पुत्रवधु चारू मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रू.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड हिसार | निविदा दस्तावेजों में वर्णित अनुसार और हांसी में ईईजी गोदामों में खाद्यान्नों की लोडिंग / अनलोडिंग और हैंडलिंग के लिए श्रम ठेकेदार फर्मों / कम्पनियों / सहकारी समिति का पुनः आमंत्रण, निविदा दस्तावेजों में वर्णित सूची के अनुसार अनसर्विसेबल/ क्षतिग्रस्त बारदाना, वूडन क्रेट इत्यादि की बिक्री, पुनः आमंत्रण, निविदा दस्तावेजों में वर्णित सूची के अनुरूप विभिन्न केन्द्रों पर हिसार जिले में फर्टिलाइजर और गेहूं बीज का परिवहन और श्रम कार्य, पुनः आमंत्रण। | 14.02.2026 26.02.2026 | ईएमडी 13 लाख | www.hafed.gov.in | 9812327591 dmhfdhsr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/60/42968/1/88/6 दि. 12.02.26

## एक्सिस बैंक ने एमएसएमई के लिए उच्च लोन-टू-वैल्यू और उसी दिन वितरण वाली गोल्ड लोन सुविधा शुरू की

**रायपुर।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अपनी गोल्ड लोन योजना लॉन्च की है। यह एक सुरक्षित ओवरड्राफ्ट सुविधा है, जिसके तहत छोटे कारोबारी अपने मौजूदा स्वर्ण आभूषणों के बदले त्वरित, लचीली और न्यूनतम दस्तावेजी प्रक्रिया के साथ नकदी प्राप्त कर सकते हैं। यह उत्पाद व्यक्तिगत उद्यमियों और एकल स्वामित्व वाले व्यवसायों के लिए उपलब्ध है, चाहे वे एक्सिस बैंक के पुराने ग्राहक हों या नए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## मजबूत हाजिर मांग से तांबा की वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को तांबा की कीमत 60 पैसे की तेजी के साथ 1,276 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर तांबा के मार्च माह में आपूर्ति वाले तांबा के अनुबंधों की कीमत 60 पैसे यानी 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,276 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई जिसमें 959 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से मुख्यतः वायदा कारोबार में तांबा कीमतों में तेजी आई।

**ई-नीलामी सूचना**

**(अग्नि से क्षतिग्रस्त सामग्री का पुनः संग्रहण: (1) भवन निर्माण लोहा (2) भवन निर्माण टिन और (3) संयंत्र एवं मशीनरी)**

इच्छुक खरीदारों से ई- नीलामी के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह बिक्री "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर की जाएगी। अग्नि से क्षतिग्रस्त सामग्री का पुनः संग्रहण: (1) लगभग 14,000 किलोग्राम भवन निर्माण लोहा (2)लगभग 4,000 किलोग्राम भवन निर्माण टिन और (3) लगभग 4,000 किलोग्राम संयंत्र एवं मशीनरी 15,000 किलोग्राम (सर्वेक्षण अतुल कपूर एंड कंपनी द्वारा किया गया) मेसर्स ओम बालाजी टेक्सटाइल, पसीना कलां रोड, पानीपत,हरियाणा, पिन-132103 से संबंधित सामग्री का निरीक्षण 13/02/26 से 21/02/26 के बीच श्री हरिओम (98968 02004) से पूर्व नियुक्ति लेकर किया जा सकता है। ई-नीलामी 23/02/26 को आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी प्रपत्रों के लिए, खुशी से संपर्क करें: 9990857386

**साल्वर सेटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)**

पता: 203, द्वितीय तल, उषा किरण बिल्डिंग, आजादपुर वाणिज्यिक परिसर आकाश सिनेमा के पास दिल्ली - 110033 या वेबसाइट से डाउनलोड करें : www.salvorsettlers.com

ई-नीलामी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 23/02/26 दोपहर 12:30 बजे से पहले है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी कैटलॉग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-Prkg-07-26 | मलोट रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 955.75 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। | 14.02.2026 12:00:00 |
| 2. | UMB-Prkg-08-26 | जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए 515.10 वर्ग मीटर का व्यापक पार्किंग स्थल बनाया गया है। | 18.02.2026 12:00:00 |
| | | अबोहर रेलवे स्टेशन पर कुल 2160.57 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। | |
| 3. | UMB-Mix-08-2026 | साइट प्लान के अनुसार, स्टेशन भवन के पास 507 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल और रामपुरा फूल (पुल) रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर 386.82 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक दोपहिया वाहन पार्किंग स्थल बनाया जाएगा। | 23.02.2026 15:00:00 |
| | | बठिंडा रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर जीआरपी क्वार्टर के पास स्थित 1894.20 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | | सहारनपुर में टी-2 कॉलोनी पार्क के पास 1133 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का विशाल पार्किंग स्थल। | |
| | | मालेरकोटला रेलवे स्टेशन के परिसंचार क्षेत्र में 1757.128 वर्ग मीटर के कुल क्षेत्रफल में फैले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | | तापा रेलवे स्टेशन के परिसर में स्थित 344.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार) | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 476/2026


## राशिफल


**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।


**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।


**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।


**कर्क** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।



**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।



**कन्या** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।


**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।



**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।


**मीन** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6137




**बाएँ से दाए**


1.मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5.संपत्ति-4
9.कटि,पीठ -3
10.प्रणाम,नमस्कार-3
12.अधीन-2
14.पितामह-2
15.कार्य-2
16.पराजय-2
17.अच्छे कुल का-3
19.तरंग,हिलोर-3
21.एक प्रकार की दाल-3
22.ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24.गगन,आकाश-4
25.स्वच्छ करना-5
26.आश्चर्यजनक-4
29.जो लायक न हो-4
33.उल्टी,कै-3
34.रनिवास,जनवासा-3
36.पंक्ति,लाइन-3
37.सुर,लय,आलाप-2
38.दंड,शिक्षा-2
39.पराजय-2
41.झुका हुआ -2
42.कर्म,भाग्य-3
43.भार-3
45.भूल,गलती (उर्दू-4)
46.भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.मां का दुलार-3
4.ताली की आवाज-4
5.अनुभवी-4
6.जुड़वा-3
7.दक्षिणा-2
8.राम के पुत्र-2,2
11.अभिलाषा,-4
13.क्रूस,सूली-3
16.पाचनशक्ति-3
18.ईसाई साध्वी-2
20.जीवनसाथी -5
21.गरबा,नृत्य-2
23.मालिश-3
24.दर्पण,शीशा-3
26.ईश्वर-4
27.बाग,गुलिस्तां-3
28.क्रिकेट में बनते हैं-2
30.दुलारा,पुत्र-2
31.भरोसा,विश्वास-3
32.करामात-4
34.शेविंग करना-4
35.हाथी साधने वाला-4
38.आसान,सीधा-3
40.कपड़े धोने वाला-3
42.बलगम-2
44.सरिता-2

**शब्द पहेली - 6136 का हल**





## चिंतन

# लोकतांत्रिक सरकार संबंध सुधारने पर दे सकती है जोर

बांग्लादेश में संपन्न हुए 13वें संसदीय चुनाव केवल एक राजनीतिक प्रक्रिया भर नहीं हैं, बल्कि ये दक्षिण एशिया की कूटनीतिक दिशा तय करने वाले महत्वपूर्ण पड़ाव भी हैं। चुनाव परिणामों को लेकर भले ही विभिन्न दलों और पर्यवेक्षकों के बीच मतभेद हों और उनकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठ रहे हों, लेकिन यह निर्विवाद है कि ढाका की सत्ता में बैठने वाली नई सरकार का रुख भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच 4000 किलोमीटर से अधिक लंबी साझा सीमा है, जो दोनों देशों को सुरक्षा, व्यापार, सांस्कृतिक संपर्क और रणनीतिक दृष्टि से गहराई से जोड़ती है। ऐसे में बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिरता और उसकी विदेश नीति का स्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों से सीधे जुड़ा हुआ है। चुनाव से पहले आवामी लीग और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) दोनों ने पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों की बात कही थी। यह संकेत आशावादी है। यदि लोकतांत्रिक ढंग से गठित नई सरकार क्षेत्रीय सहयोग और संतुलन की नीति अपनाती है, तो हाल के वर्षों में आई कूटनीतिक दूरी कम हो सकती है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कार्यकाल में चीन और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों तथा भारत के साथ रिश्तों में आई ठंडक ने नई दिल्ली की चिंता बढ़ाई थी। ऐसे माहौल में लोकतांत्रिक जनादेश से बनी सरकार यदि संतुलित विदेश नीति अपनाती है, तो यह दोनों देशों के लिए राहत की बात होगी। यह भी ध्यान रखना होगा कि बांग्लादेश में चीन की आर्थिक उपस्थिति लगातार बढ़ी है। बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, ऊर्जा और निवेश के क्षेत्र में चीन की सक्रियता ने ढाका को नए विकल्प दिए हैं। पाकिस्तान के साथ भी ऐतिहासिक और राजनीतिक समीकरण समय-समय पर चर्चा में आते रहे हैं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए चुनौती यह है कि वह प्रतिस्पर्धा के बजाय विश्वास और विकास साझेदारी के माध्यम से संबंधों को मजबूत करे। भारत को बांग्लादेश के आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी परियोजनाओं और जन-जन के संपर्क को प्राथमिकता देकर रिश्तों को स्थायी आधार देना होगा। भारत की ओर से आई आधिकारिक प्रतिक्रिया परिपक्व और संतुलित रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि पहले चुनाव परिणामों का इंतजार किया जाएगा और उसके बाद जनादेश की प्रकृति को देखते हुए आगे की रणनीति तय होगी। यह बयान केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत पड़ोसी देशों में स्थिर और लोकतांत्रिक शासन को अपने हितों के अनुरूप मानता है। भारत और बांग्लादेश के रिश्ते केवल रणनीतिक समीकरण नहीं हैं, वे साझा इतिहास, संस्कृति और भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की भूमिका ने दोनों देशों के बीच विश्वास की मजबूत नींव रखी थी। हाल के वर्षों में व्यापार, ऊर्जा सहयोग, सीमा प्रबंधन, रेल और जलमार्ग संपर्क जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन उपलब्धियों को राजनीतिक उतार-चढ़ाव का शिकार नहीं बनने देना चाहिए। नई लोकतांत्रिक सरकार के सामने चुनौती होगी कि वह घरेलू राजनीतिक स्थिरता कायम रखते हुए संतुलित और व्यावहारिक विदेश नीति अपनाए। भारत को भी चाहिए कि वह बड़े भाई की छवि से आगे बढ़कर समानता और सम्मान के आधार पर संबंधों को विकसित करे। लोकतंत्र की मजबूती और पड़ोसी सहयोग ही क्षेत्र को स्थिर और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी


# विवाद की जड़ बनी अप्रकाशित आत्मकथा

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी प्रकाशित भी नहीं हुई और व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी औपचारिक रूप से प्रकाशित भी नहीं हुई और फिर भी व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। पूर्व थलसेना प्रमुख नरवणे द्वारा लिखी गई इस पुस्तक की डिजिटल प्रति अचानक विभिन्न संदेश माध्यमों और सामाजिक मंचों पर फैल गई। देखते ही देखते यह रचना केवल सैन्य इतिहास की किताब न रहकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई।

प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। यह आत्मकथा चार दशकों से अधिक लंबे सैन्य जीवन का विवरण देती है। एक युवा अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती से लेकर देश की थलसेना के सर्वोच्च पद तक की यात्रा इसमें दर्ज है। इसमें पूर्वी सीमा पर हुए टकराव, पश्चिमी मोर्चे पर तनाव, पड़ोसी देशों के साथ संघर्षविराम और एक भीषण वैश्विक महामारी के दौरान सेना की भूमिका जैसे प्रसंग शामिल हैं। ऐसे समय में जब देश का सैन्य इतिहास अक्सर आधिकारिक वक्तव्यों और संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रह जाता है, यह पुस्तक घटनाओं के भीतर झांकने का अवसर देती है। शायद यही कारण है कि इसकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। प्रकाशन की प्रक्रिया सामान्य नहीं रही। पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, अग्रिम आदेश भी लिए गए, परंतु अचानक सब कुछ रोक दिया गया। पाठकों को धन वापस कर दिया गया और कहा गया कि आवश्यक स्वीकृतियां लंबित हैं। पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा लिखी जाने वाली स्मृतियों के लिए रक्षा मंत्रालय की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, यह कोई नई बात नहीं है। परंतु जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों से यह सामने आया कि उसी अवधि में दर्जनों अन्य पुस्तकों को अनुमति मिल चुकी है और केवल यही एक रचना अटकी हुई है, तो संदेह स्वाभाविक हो जाता है। लेखक स्वयं कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने अपना कार्य पूरा कर दिया था और उसे प्रकाशक को सौंप दिया था।

अनुमति प्राप्त करना उनका दायित्व नहीं था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पुस्तक की सामग्री उनकी अपनी लिखी हुई है और उसमें किसी प्रकार की असत्य जानकारी नहीं है। यही नहीं, पुस्तक के मसौदे को पहले ही कई वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व अधिकारियों ने पढ़ा था और उसकी सराहना भी की थी। इन प्रतिक्रियाओं से यह संकेत मिलता है कि सामग्री न तो मनगढ़ंत है और न ही हल्की। इसके बावजूद पुस्तक पर चुप्पी बनी रही। इस बीच कुछ समाचार माध्यमों ने इसके अंशों के आधार पर लेख प्रकाशित किए। उन लेखों में सीमा पर हुए संकटों के दौरान लिए गए राजनीतिक और सैन्य निर्णयों का उल्लेख था। संसद में जब इन संदर्भों का उपयोग करने की कोशिश की गई तो भारी हंगामा हुआ और चर्चा रोक दी गई। इसके तुरंत बाद वही डिजिटल प्रति, जिसे अब तक केवल सीमित लोगों ने देखा था, व्यापक रूप से फैलने लगी। यह एक अजीब स्थिति थी, जिसमें एक पुस्तक आधिकारिक




रूप से अस्तित्वहीन मानी जा रही थी, परंतु वास्तविकता में हजारों पाठकों तक पहुंच चुकी थी। अब जांच का केंद्र यह है कि इस अनधिकृत प्रसार के लिए कौन जिम्मेदार है। कानून की दृष्टि से यह कॉपीराइट का उल्लंघन हो सकता है, क्योंकि अप्रकाशित सामग्री को बिना अनुमति साझा किया गया। यदि यह माना जाए कि पुस्तक में संवेदनशील सैन्य जानकारियां हैं, तो उस पर गोपनीयता से जुड़े कानून भी लागू हो सकते हैं। यहां एक गहरा प्रश्न छिपा है। क्या जांच का उद्देश्य वास्तव में कानून का पालन कराना है या फिर उन तथ्यों को नियंत्रित करना है जो असुविधाजनक साबित हो सकते हैं। इस आत्मकथा में जिन घटनाओं का उल्लेख है, वे हाल के वर्षों की सबसे संवेदनशील राष्ट्रीय घटनाओं में से हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में हुई झड़पों में देश ने अपने जवान खोए, परंतु उन घटनाओं के बारे में आधिकारिक विवरण सीमित रहा। सरकार की ओर से एक विशेष प्रकार का आख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें दृढ़ता और सफलता पर जोर था।

यदि किसी पूर्व थलसेना प्रमुख की पुस्तक उस आख्यान से अलग तस्वीर पेश करती है, तो स्वाभाविक है कि वह राजनीतिक रूप से असहज कर सकती है। क्या असहजता ही किसी रचना को रोकने का पर्याप्त कारण हो सकती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ केवल सामान्य नागरिकों तक सीमित नहीं है। जिन लोगों ने राज्य की सर्वोच्च जिम्मेदारियां निभाई हैं, उनका अनुभव और दृष्टिकोण भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा होना चाहिए। निश्चित रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा एक गंभीर विषय है और किसी भी प्रकार की जानकारी का प्रकाशन सावधानी से होना चाहिए, परंतु सुरक्षा और सेंसरशिप के बीच की रेखा बहुत महीन होती है।

जब सुरक्षा के नाम पर हर असुविधाजनक प्रश्न को दबाया जाने लगे, तब वह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा बन जाती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस मामले में न तो लेखक ने अपनी बात से पीछे हटने का प्रयास किया और न ही प्रकाशक ने यह कहा कि सामग्री गलत है। इसका अर्थ यह हुआ कि समस्या सामग्री में नहीं, बल्कि उसके सार्वजनिक होने में है। यही विरोधाभास इस पूरे विवाद को और गहरा बनाता है। डिजिटल युग में किसी रचना को पूरी तरह रोक पाना लगभग असंभव है। इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि प्रतिबंध और देरी कभी-कभी विपरीत प्रभाव डालते हैं। जिस पुस्तक को कुछ कार्यालयी फाइलों में दबाकर रखा गया था, वह अब कहीं अधिक लोगों तक पहुंच चुकी है, वह भी बिना किसी आधिकारिक संदर्भ और विमर्श के। इससे गलत व्याख्याओं और अफवाहों की संभावना भी बढ़ जाती है। बेहतर यह होता कि पुस्तक को आवश्यक संपादन और स्पष्ट चेतावनियों के साथ प्रकाशित होने दिया जाता, ताकि पाठक उसे पूरे संदर्भ में समझ सकें। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

यह प्रकरण केवल एक आत्मकथा का नहीं है। यह उस बड़े संघर्ष का प्रतीक है, जिसमें राज्य की शक्ति और नागरिक समाज की जिज्ञासा आमने-सामने खड़ी होती हैं। इतिहास बताता है कि सत्य को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। वह कभी दस्तावेज के रूप में, कभी स्मृति के रूप में और कभी डिजिटल प्रति के रूप में सामने आ ही जाता है। प्रश्न केवल यह है कि क्या हम उसे खुली बहस और परिपक्व संवाद के साथ स्वीकार करेंगे या डर और नियंत्रण के माध्यम से उसे और रहस्यमय बना देंगे। जनरल नरवणे की आत्मकथा आज भले ही औपचारिक रूप से प्रकाशित न हो, परंतु उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि कहानियां केवल अनुमति से नहीं, आवश्यकता से जीवित रहती हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व रेडियो दिवस

बाल मुकुन्द ओझा



# मन की बात ने बढ़ाया रेडियो का मान-सम्मान

विश्व रेडियो दिवस प्रतिवर्ष 13 फरवरी को मनाया जाता है। कोई माने या न माने, मगर यह बिलकुल सच है कि भारत में अपनी पहचान खोते जा रहे रेडियो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम ने पुनर्जीवित कर नया जीवनदान दिया है। मोदी के लोकप्रिय शो 'मन की बात' ने रेडियो की लोकप्रियता बढ़ा दी है। एक वक्त था जब रेडियो पर यह आकाशवाणी है, ये शब्द सुनते ही बच्चे से बुजुर्ग तक रेडियो को घेर कर खड़े हो जाते थे। यह हर कोई जानता है कि रेडियो जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए लाखों-करोड़ों लोगों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। भारत में अपनी पहचान खोते जा रहे रेडियो को अपने नवाचार कार्यक्रम के माध्यम से नयी पहचान और जीवनदान देने का श्रेय निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाता है।

आठवें दशक तक या यूं कहें कि दूरदर्शन के आगमन तक रेडियो ही शिक्षा, संचार और मनोरंजन के क्षेत्र की सिरमौर था। उस दौरान घर-घर में ही नहीं अपितु हर हाथ में रेडियो था और लोग इससे चिपके रहते थे। हर प्रकार की सूचना का संवाहक था रेडियो। 1980 के बाद संचार के आधुनिक साधनों के प्रादुर्भाव के साथ रेडियो का प्रभाव घटता गया। लोगों ने रेडियो के स्थान पर टीवी को अपनाना शुरू कर दिया। इसी बीच 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 'मन की बात' नामक एक क्रान्तिकारी कार्यक्रम शुरू हुआ। इसी नवाचार के साथ रेडियो का एक तरह से पुनर्जन्म हुआ। दूरदर्शन के प्रादुर्भाव से पूर्व यानि अस्सी के दशक तक रेडियो पर सुनाई देने वाली यह आवाज संचार के आधुनिक साधनों के बीच गायब सी हो गई थी। पहले भारतीय




प्रसारण सेवा, फिर आल इंडिया रेडियो और इसके बाद आकाशवाणी के रूप में रेडियो अस्तित्व में रहा। दूरदर्शन के बढ़ते प्रभाव ने इसकी उपयोगिता पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया, रही सही कसर निजी चैनलों और मोबाइल ने पूरी कर दी। मगर हाल के वर्षों में जहां लोगों में रेडियो की चाह बढ़ी है, वहीं इसकी बिक्री भी तेज हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम ने रेडियो की लोकप्रियता बढ़ा दी है। कह सकते हैं कि इसे नया जीवन मिला है। यह सच है कि रेडियो की साख कमजोर हुई है, मगर आज भी यह अब भी देश में सबसे ज्यादा एरिया कवर करता है। ऑल इंडिया रेडियो की पहुंच देश की 99.20 प्रतिशत आबादी तक है। देश के 92.6 प्रतिशत भूभाग को यह कवर करता है। ऑल इंडिया रेडियो भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन संचालित सार्वजनिक क्षेत्र की रेडियो प्रसारण सेवा है। इस सेवा का नाम भारतीय प्रसारण सेवा रखा गया था। देश में रेडियो प्रसारण की शुरुआत मुंबई और कोलकाता में सन 1927 में दो निजी ट्रांसमीटरों से की गई। 1930 में इसका राष्ट्रीयकरण हुआ।

1957 में इसका नाम बदल कर आकाशवाणी रखा गया। सरकारी प्रसारण संस्थाओं को स्वायत्तता देने के इरादे से 23 नवंबर 1997 को प्रसार भारती का गठन किया गया, जो देश की एक सार्वजनिक प्रसारण संस्था है और इसमें मुख्य रूप से दूरदर्शन और आकाशवाणी को शामिल किया गया है। आकाशवाणी या रेडियो को हिंदी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने का श्रेय दिया जा सकता है। आजादी से पूर्व आकाशवाणी अनेकता में एकता का सशक्त माध्यम थी। एक-दूसरे के पास इसी माध्यम से सारी जानकारी पहुंचती थी। आजादी के बाद प्रगति और विकास का एक मात्र सजीव माध्यम बना आकाशवाणी। बड़े-बड़े नेता और महत्वपूर्ण व्यक्ति अपनी बात आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों के समक्ष रखते थे। प्रसारण का एक मात्र साधन होने से देश में इसकी महत्ता और स्वीकार्यता थी। मगर धीरे-धीरे निजी क्षेत्र में प्रसारण माध्यम शुरू हुए। निजी चैनलों से चौबीसों घंटे समाचार और मनोरंजन की सामग्री प्रसारित होने लगी। फलस्वरूप लोगों ने आकाशवाणी से मुंह मोड़ लिया। इससे आकाशवाणी बहुत थोड़े क्षेत्रों में सिमट कर रह गया। मगर जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने इसकी सुध-बुध ली, तब से इसका महत्व एक बार फिर बढ़ा। विशेष रूप से प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम प्रसारित होना शुरू हुआ तब से एक बार फिर आकाशवाणी लोगों के सिर चढ़ गया। रेडियो अब फिर से आमजन व घरों तक पहुंचने लगा है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सत्य परमात्मा है, यह प्रभु से भिन्न नहीं



संकलित
दर्शन

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं?

## दुख से मुक्ति ही है असली जीत



संकलित
प्रेरणा

हमारे जीवन में बहुत अव्यवस्था है। उसे ठीक किए बिना ध्यान का कुछ भी अर्थ नहीं। यदि आप यह सोचकर ध्यान में बैठ जाएं कि इससे व्यवस्था आ जाएगी, तो ऐसा नहीं हो सकता। पहले अपने दैनिक जीवन में सुव्यवस्था स्थापित करें, तब ध्यान की गहराइयों में उतरने का लाभ होगा। सब युद्ध की तैयारियों में लगे हुए हैं। इन तैयारियों से विश्व में कहीं-न-कहीं, किसी-न-किसी प्रकार का विस्फोट अवश्य होगा। हम एक-दूसरे के साथ शांतिपूर्वक कभी भी नहीं रह पाए हैं। शांति के बारे में हम बातें खूब करते हैं। सारे धर्मों ने शांति का ही संदेश दिया है, लेकिन इस धरती पर शांति कभी भी संभव नहीं हो पाई है। यह धरती, जिस पर हम सब रहते हैं, किसी एक देश की नहीं है। यह हम सबकी और हमारी धरती है। इस नफरत का संभवतः एक प्रमुख कारण यह है कि हमारे हृदय हिंसा से भरे हैं। हम कभी भी शत्रुता के भाव से, प्रतिशोध के भाव से मुक्त नहीं रहे। कभी भी अपने भय, दुख, घावों और प्रतिदिन के जीवन की पीड़ा से मुक्त नहीं हो पाए। हमें कभी शांति नहीं मिली। हम हमेशा परेशानियों में घिरे रहते हैं। यह सब हमारे जीवन का हिस्सा हैं। हमारे प्रतिदिन के दुखभोग का हिस्सा है। इस प्रेम विरहित दुखभोग से मुक्ति पाने के लिए मनुष्य ने कई रास्ते आजमाए हैं। उसने इसका दमन करके देख लिया। किसी श्रेष्ठतर तत्व से अपना तादात्म्य करके देख लिया। किसी आदर्श के लिए, किसी विश्वास के लिए, किसी आस्था के लिए अपने आपको समर्पित कर के देख लिया। फिर भी यह दुख कभी समाप्त नहीं होता। हम इसके अभ्यस्त हो चुके हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है। *-सूरज कुमार, रायपुर*

## करंट अफेयर

### सिएटल ने भारतीय छात्रा की मौत के मामले में किया समझौता



अमेरिका के सिएटल शहर ने 2023 में एक पुलिस अधिकारी की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से जान गंवाने वाली भारत की 23 वर्षीय स्नातकोत्तर छात्रा जाह्नवी कंदुला के परिवार के साथ 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समझौते पर सहमति जताई है। कंदुला को अधिकारी केविन डेव की गाड़ी ने उस समय टक्कर मारी थी, जब वह मादक पदार्थ संबंधी एक कॉल के बाद कार्रवाई के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटे की सीमा वाले क्षेत्र में 119 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जा रहे थे। उनकी गाड़ी की आपातकालीन लाइट जल रही थीं और चौराहों पर सायरन का इस्तेमाल भी किया जा रहा था। सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को जारी बयान में कहा, जाह्नवी कंदुला की मौत हृदयविदारक है और शहर को उम्मीद है कि यह वित्तीय समझौता कंदुला परिवार को कुछ हद तक संतोष प्रदान करेगा। जाह्नवी कंदुला का जीवन महत्वपूर्ण था। यह उनके परिवार, मित्रों और हमारे समुदाय के लिए मायने रखता था।कंदुला सिएटल स्थित नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर में सूचना प्रणाली (इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स) में मास्टर डिग्री के लिए पढ़ाई कर रही थीं। कंदुला के परिवार के वकीलों ने तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी। दोनों पक्षों ने पिछले शुक्रवार को किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट में समझौते की सूचना दाखिल की।

## ऑफ बीट

### कोई भी जीवित जीव 'आदिम' नहीं, फिर भी ऐसी मान्यता क्यों

हम मनुष्य लंबे समय से स्वयं को विकास (इवोल्यूशन) की पराकाष्ठा मानते रहे हैं। अन्य प्रजातियों को अक्सर आदिम या प्राचीन कहा जाता है और उच्च एवं निम्न जीव जैसे शब्दों का उपयोग किया जाता है।



मानव-केंद्रित इस दृष्टिकोण को 1866 में और बल मिला, जब जर्मन वैज्ञानिक अर्न्स्ट हैकेल ने जीवन-वृक्ष (ट्री ऑफ लाइफ) का एक प्रारंभिक चित्र बनाया, जिसमें मनुष्य को स्पष्ट रूप से शीर्ष पर दिखाया गया। इस चित्रण ने यह धारणा लोकप्रिय बनाई कि विकास का अंतिम लक्ष्य मनुष्य हैं। आधुनिक विकासवादी जीवविज्ञान इस सोच को नकारते हैं। उनके अनुसार विकास में कोई पदानुक्रम नहीं है। आज जीवित सभी प्रजातियां-चिंपैंजी से लेकर बैक्टीरिया तक-एक-दूसरे की संबंधी हैं, जिनकी विकास-रेखाएं समान रूप से लंबी हैं; वे किसी की पूर्वज या उत्तराधिकारी नहीं हैं। इसके बावजूद आदिम जैसी अवधारणाएं वैज्ञानिक पत्रिकाओं और विज्ञान पत्रकारिता में अब भी दिखाई देती हैं। मैंने अपनी नयी पुस्तक अंडरस्टैंडिंग द ट्री ऑफ लाइफ में लिखा है कि किसी भी वर्तमान प्रजाति को आदिम, प्राचीन या सरल कहना मूलतः भ्रामक है और विकास का इतिहास जटिल, गैर-पदानुक्रमित और परस्पर जुड़ा हुआ है। अंडे देने वाले स्तनधारी मोनोट्रीम कहलाते हैं।

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



स्वराज, स्वदेशी व स्वावलंबन के प्रणेता महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की और सामाजिक कुरीतियों के त्याग व स्त्री शिक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने 'सत्यार्थ प्रकाश' से वैदिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। स्वामी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### वन भूमि पर अतिक्रमण



जो लोग पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा हमें सौंपे गए संकट की भयावहता से अनभिज्ञ हैं, उनके लिए स्थिति को स्पष्ट करना आवश्यक है। 2,676 वर्ग किलोमीटर वन भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है! इसे ठीक करने के लिए भाजपा काम कर रही है!

**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### एक हाट में दो दुकान



बात ये नहीं है कि बवाल हुआ, बात ये है कि किसने होने दिया, कहीं ये मामला 'एक म्यान में दो तलवार' या 'एक हाट में दो दुकान' के झगड़े वाला तो नहीं है? अपने गृह-नगर में ही अपना विरोध देखकर उनको भी दुख हुआ, जो दूसरों के दुख दूर करने की बात करते हैं।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### बजट निराशाजनक



राजस्थान विस में पेश किया गया बजट न सिर्फ निराशाजनक है, बल्कि प्रदेश की जनता में भविष्य को लेकर चिंताएं पैदा करने वाला है। बजट में कोई घोषणा ऐसी नहीं है जिसे व्यापक जनहित में कहा जा सके।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## भारत लगातार दूसरा मैच जीता, ग्रुप-ए के टॉप पर

# इशान किशन, पंड्या व चक्रवर्ती चमके भारत ने नामीबिया को 93 रन से रौंदा




## हार्दिक पंड्या बने मैन आफ द मैच

**भारत-209/9 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इशान का शिकोंगो बो इरास्मस | 61 |
| संजू का स्टीनकैंप बो शिकोंगो | 22 |
| तिलक का स्मिट बो इरास्मस | 25 |
| सूर्यकुमार स्टं ग्रीन बो स्कोल्ट्ज | 12 |
| हार्दिक का स्थानापन्न बो इरास्मस | 52 |
| शिवम दुबे रन आउट | 23 |
| रिंकू का इरास्मस बो स्मिट | 01 |
| अक्षर पटेल बो इरास्मस | 00 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 01 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 |

अतिरिक्त: 10
कुल: 20 ओवर में नौ विकेट पर: 209 रन
विकेट पतन: 1-25, 2-104, 3-120, 4-124, 5-205, 6-205, 7-206, 8-206, 9-209
गेंदबाजी: ट्रंपलमैन 4-0-38-0, शिकोंगो 3-0-41-1, स्मिट 4-0-50-1, हेइंगो 1-0-18-0, इरास्मस 4-0-20-4, स्कोल्ट्ज 4-0-41-1

**नामीबिया-116/10 (18.2)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लॉरेन स्टीनकैंप बो चक्रवर्ती | 29 |
| जेन का दुबे बो अर्शदीप | 22 |
| जेन ईटन का अक्षर को चक्रवर्ती | 13 |
| गेरहार्ड का तिलक बो अक्षर | 18 |
| जेजे स्मिट बो चक्रवर्ती | 00 |
| जेन ग्रीन हिट विकेट दुबे | 11 |
| मलान का बुमराह बो अक्षर | 05 |
| रूबेन ट्रंपलमैन बो बुमराह | 06 |
| बर्नार्ड का अक्षर बो पंड्या | 04 |
| बेन शिकोंगो पगबधा बो पंड्या | 00 |
| मैक्स हेइंगो नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 08
कुल:18.2 ओवर में सभी विकेट खोकर: 116 रन
विकेट पतन: 1-33, 2-67, 3-86, 4-86, 5-88, 6-94, 7-111, 8-116, 9-116
गेंदबाजी: पंड्या 4-0-21-2, अर्शदीप 3-0-36-1, दुबे 2.2-0-11-1, बुमराह 4-0-20-1, चक्रवर्ती 2-0-7-3, अक्षर 3-1-20-2

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज इशान किशन और हार्दिक पंड्या के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के एकतरफा मैच में बृहस्पतिवार को यहां नामीबिया को 93 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इशान (61 रन, 24 गेंद, पांच छक्के, छह चौके) और पंड्या (52 रन, 28 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक से भारत ने नौ विकेट पर 209 रन बनाए जिसके जवाब में नामीबिया की टीम चक्रवर्ती (सात रन पर तीन विकेट), (21 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 116 रन पर सिमट गई। नामीबिया की ओर से सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप (29) और जेन फ्राइलिंक (22) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। टीम ने अपने अंतिम आठ विकेट सिर्फ 30 रन जोड़कर गंवाए। इशान ने तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 31 गेंद में 79 रन जोड़कर भारत को तेज शुरुआत दिलाई जबकि पंड्या ने शिवम दुबे (23) के साथ 39 गेंद में 81 रन की साझेदारी करके अंतिम ओवरों में रन गति में इजाफा किया। भारतीय टीम अब अपना अगला मैच 15 फरवरी को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाक के खिलाफ खेलेगी जिस पर सभी की नजरें टिकी होंगी। पाकिस्तान की सरकार ने शुरुआत में भारत के खिलाफ इस मैच के बहिष्कार का फैसला किया था।



टी-20 विश्व कप 2026 के 16वें मुकाबले में श्रीलंका क्रिकेट टीम ने ओमान क्रिकेट टीम को 105 रनों से हरा दिया। ये टी-20 विश्व कप के इतिहास में श्रीलंका की रनों के लिहाज से मिली दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने साल 2007 में केन्या क्रिकेट टीम को 172 रन से हराया था। नीदरलैंड क्रिकेट टीम को श्रीलंका 2024 के विश्व कप में 83 रन से हरा चुकी है।

## श्रीलंका ने दर्ज की टी-20 विश्व कप के इतिहास में अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत

**पल्लीकल (एजेंसी)।** ओमान ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका ये फैसला गलत साबित हुआ। श्रीलंका के लिए पवन रत्नायके (60), कुसल मेंडिस (61) और दासुन शनाका (50) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और 225/5 का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में ओमान के लिए कोई भी बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाया। मोहम्मद नदीम ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। ओमान की पूरी टीम 120/9 का स्कोर ही बना पाई।

### मेंडिस 2,500 रन पूरे करने वाले श्रीलंका के पहले बल्लेबाज बने

मेंडिस ने 45 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले और उनकी स्ट्राइक रेट 135.56 की रही। इस पारी के दौरान उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 2,500 रन भी पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले श्रीलंका के पहले बल्लेबाज बने हैं। इस प्रारूप में 2,000 से ज्यादा रन बनाने वाले अन्य श्रीलंकाई बल्लेबाज केवल पथुम निसांका और कुसल परेरा हैं। मेंडिस के बल्ले से 102 पारियों में 2,542 रन निकले हैं।

## टी-20 विश्व कप इतिहास में इटली ने दर्ज की अपनी पहली जीत, नेपाल को दी शिकस्त



**मुंबई।** टी-20 विश्व कप 2026 के 17वें मैच में इटली क्रिकेट टीम ने नेपाल क्रिकेट टीम को 10 विकेट से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए मुकाबले में नेपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 123 रन बनाए। जवाब में इटली की टीम ने 13वें और में लक्ष्य हासिल किया। मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है।

**जस्टिन और एंथनी ने लगाए अर्धशतक**
लक्ष्य का पीछा करते हुए जस्टिन मोस्का और एंथनी मोस्का ने अपने-अपने अर्धशतक लगाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज जस्टिन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय का अपना चौथा अर्धशतक 37 गेंदों में पूरा किया।

### इटली ने आसानी से जीता मैच

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 49 रन तक अपने 3 विकेट गंवाए। इसके बाद भी नेपाल के विकेटों के गिरने का क्रम जारी रहा। इस बीच आरिफ शेख ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। अंत में करन केसी ने 11 गेंदों में 18 रन का योगदान देते हुए टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। जवाब में इटली को जस्टिन मोस्का (61*) और एंथनी मोस्का (61*) ने अर्धशतक लगाते हुए जीत दिलाई।

### क्रिशन ने लिए 3 विकेट

इटली की ओर से क्रिशन कलुगामागे सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस स्पिनर ने अपने 4 ओवर के कोटे में 18 रन देते हुए 3 विकेट लिए।अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 20 पारियों में 17.95 की औसत और 6.46 की इकॉनमी रेट के साथ 23 विकेट लिए। दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर बेन मानेंटी ने बेहद किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 9 रन देते हुए 2 विकेट चटकाए।

### मोस्का बंधुओं ने साझेदारी में बनाया विश्व रिकॉर्ड

मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है। इससे पहले कामरान अकमल और उमर अकमल की भाइयों की जोड़ी ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 96 रन की साझेदारी की थी। इस सूची में तीसरे पायदान पर इटली के बेंजामिन मनेन्टी और हैरी मनेन्टी ने स्कॉटलैंड (2026) के खिलाफ 73 रन की साझेदारी की थी।

## खबर संक्षेप

### खेलो इंडिया का दूसरा चरण 23 से गुलमर्ग में

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में खेला जायेगा जिसमें करीब 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि पहला चरण 20 से 26 जनवरी के बीच लद्दाख में खेला गया था। मांडविया ने कहा लेह में पहला चरण काफी कामयाब रहा था जिसमें फिगर स्केटिंग को शामिल किया गया था। गुलमर्ग में चार पदक खेलों स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग (क्रॉसकंट्री) और स्नोबोर्डिंग की स्पर्धायें होंगी। पिछली बार भारतीय सेना ने सर्वाधिक 18 पदक जीते थे जबकि हिमाचल प्रदेश दूसरे, लद्दाख, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहे थे।

### बैसोया ने छह अंडर 64 स्कोर के साथ बढ़त बनाई

**नई दिल्ली।** हनी बैसोया ने छह अंडर 64 स्कोर करके डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स गोल्फ चैम्पियनशिप के तीसरे दौर के बाद पांच शॉट की बढत बना ली। कुतुब गोल्फ कोर्स पर चल रहे टूर्नामेंट में कल दूसरे स्थान पर काबिज बैसोया ने सात बर्डी लगाये और एक बोगी किया। उनका कुल स्कोर 18 अंडर 192 है। सात बार डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई पर खिताब जीत चुके 29 वर्ष के बैसोया ने पांच साल से कोई खिताब नहीं जीता है।



### अफगान के खिलाड़ियों ने पीएसएल नीलामी से लिए नाम वापस

**कराची।** अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 11वें चरण से पहले हुई खिलाड़ियों की नीलामी से अपने नाम वापस ले लिए। पीएसएल में यह नीलामी पहली बार कराई गई थी। एक फ्रेंचाइजी के मालिक ने शुरू में पुष्टि की थी कि मुजीबुर रहमान, सेद्दीकुल्लाह अटल, मुहम्मद नबी, वकार सलामखेल, फजल हक फारूकी जैसे खिलाड़ियों ने बुधवार को लाहौर में हुई नीलामी के लिए पंजीकरण कराया था लेकिन पेशावर जाल्मी द्वारा अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से सीधा करार करने पर हुए विरोध के बाद उन्होंने अपने नाम वापस ले लिए।

## जिम्बाब्वे से मुकाबला आज, ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत की लय बनाए रखना चुनौती

**मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में आज सुबह 11 बजे से**

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 के 19वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सामना जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम से होगा। जहां कंगारू टीम की नजर जीत की लय बरकरार रखने पर होगी, तो वहीं जिम्बाब्वे 18 साल पुराने इतिहास को दोहराने के इरादे से मैदान में उतरेगा। टी-20 विश्व कप में आखिरी बार जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को साल 2007 में हराया था, जब उसे 5 विकेट से यादगार जीत मिली थी। ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के बीच यह मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से खेला जाएगा।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले हुए हैं। दो मुकाबले कंगारू टीम ने जीते हैं और 1 मैच में जिम्बाब्वे को जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला साल 2018 में खेला गया था। जहां ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से जीत मिली थी। इस विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने अपना पहला मैच आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ जीता था। वहीं, जिम्बाब्वे को ओमान क्रिकेट टीम के खिलाफ 8 विकेट से जीत मिली थी।



### टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया एकादश :** ट्रेविस हेड (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मैट रेनशॉ, कूपर कॉनॉली, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, मैथ्यू कुहनेमैन और एडम जैम्पा।

**जिम्बाब्वे एकादश:** ब्रायन बेनेट, ताडिवानाशे मारुमानी, डियोन मायर्स, ब्रेंडन टेलर (विकेटकीपर), सिकंदर रजा (कप्तान), रायन बर्ल, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्रैड इवांस, वेलिंगटन मसाकाद्जा, रिचर्ड नगारावा और ब्लेसिंग मुजरबानी।

## मोहम्मद नबी पर अंपायर का फैसला न मानने पर लगा जुर्माना

**अहमदाबाद।** टी-20 विश्व कप 2026 में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस शिकस्त के बाद अफगान टीम के लिए एक और बुरी खबर है। दरअसल, अफगानिस्तान के प्रमुख ऑलराउंडर मोहम्मद नबी पर मैच के दौरान अंपायर का फैसला न मानने के लिए जुर्माना लगाया गया है।



**मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगा**

*यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर में हुई, जब नबी की अंपायरों से गेंदबाज लुंगी एनगिडी के रिस्ट बैंड को लेकर काफी देर तक बहस हुई। अंपायर के फैसले पर एतराज जताते हुए नबी ने आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल-1 का उल्लंघन किया।*

### मेस्सी चोटिल, इंटर मियामी के पहले मैच में खेलना संदिग्ध

**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है जिसके कारण उनका इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस कप में 21 फरवरी को एलएएफसी के खिलाफ होने वाले सत्र के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। एमएलएस के लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मेस्सी ने पिछले सप्ताहांत इक्वाडोर में सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ के लगभग 12 मिनट बाद उन्हें संभवतः हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। इंटर मियामी ने एक बयान में कहा, ''अभ्यास में उनकी वापसी आने वाले दिनों में उनकी फिटनेस की प्रगति पर निर्भर करेगी।

## भारत का मुकाबला जापान, ऑस्ट्रेलिया का लेबनान से

अंडर-17 महिला एशिया कप



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए चार बार के चैंपियन जापान, ऑस्ट्रेलिया और लेबनान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। किर्गिज़ गणराज्य और उज्बेकिस्तान को हराकर 21 वर्षों में पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके बाद वह जापान और लेबनान का सामना करेगी।
चीन में यह टूर्नामेंट एक से 17 मई तक सूज़ौ शहर में सूज़ौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम और सूज़ौ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

### ग्रुप ए और सी में ये देश शामिल

मेजबान चीन को थाईलैंड, वियतनाम और म्यांमार के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप सी में उत्तर कोरिया, कोरिया गणराज्य, फिलीपींस और चीनी ताइपे शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

## चेन्नई ओपन : पूनाचा- इसारो की जोड़ी सेफा में, नागल बाहर

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

पूर्व चैंपियन सुमित नागल बृहस्पतिवार को यहां चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर के दूसरे दौर में रूस के पेट्र बार बिरयुकोव से हारकर बाहर हो गए। भारत के नंबर एक खिलाड़ी नागल को विश्व रैंकिंग में 305 नंबर पर काबिज बिरयुकोव से दो घंटे छह मिनट तक चले मुकाबले में 6-4 6-7 3-6 हार मिली। युगल मुकाबलों में शीर्ष वरीय निकी पूनाचा और प्रयुच्या इसारो ने वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले लोहिथाक्शा बथ्रीनाथ और अभिनव संजीव शानमुगम को 6-4, 6-1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब उनका सामना हमवतन एसडी प्रज्वल देव और नितिन सिन्हा की जोड़ी से होगा। वहीं दूसरी वरीय सिद्धांत बांठिया और साकेत मायनेनी की जोड़ी दिन के अंतिम क्वार्टरफाइनल में शशिकुमार मुंकुद और जे क्लार्क से 5-7, 4-6 से हारकर बाहर हो गई। दिन के सबसे लंबा मैच चौथे वरीय इलिया सिमाकिन और ऑस्ट्रेलिया के फिलिप सेकुलिच के बीच हुआ जो करीब तीन घंटे तक चला। इसमें सिमाकिन ने सेकुलिच को 4-6, 7-5, 7-6 (1) से हराया।



## समारोह में शामिल होंगे फेडरर टिकट दो मिनट में बिके

**न्यूपोर्ट (अमेरिका)।** रोजर फेडरर ने भले ही टेनिस को अलविदा कह दिया हो लेकिन उनका जादू अब भी प्रशंसकों पर सर चढ़कर बोलता है जिसकी बानगी यहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ़ फेम में शामिल करने के समारोह के टिकटों की भारी मांग में देखने में मिली। फेडरर से जुड़े इस समारोह के सभी टिकट दो मिनट में बिक गए। आयोजकों ने आउटडोर पार्टी के लिए अलग से अतिरिक्त टिकट जारी किए जो हाथों हाथ बिक गए। आखिर में आयोजकों को कहना पड़ा कि उनकी क्षमता सीमित है और वह अधिक टिकट जारी नहीं कर सकते हैं।



**29 अगस्त को होना है कार्यक्रम :** इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी को 29 अगस्त को प्रसारक मैरी कैरिलो के साथ हॉल ऑफ़ फेम में शामिल किया जाएगा। न्यूपोर्ट स्थित इस प्रतिष्ठित हॉल में होने वाले मुख्य समारोह के लिए पहले से उपलब्ध 900 टिकटों के अलावा हॉल अपने 3,600 सीटों वाले स्टेडियम को एक विशेष कार्यक्रम के लिए खोलेगा। इसके बावजूद हॉल की प्रवक्ता मेगन एर्ब्स ने कहा कि 4,500 टिकट दो मिनट के भीतर ही बिक गए।

**मैच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से**

## यूएई-कनाडा के बीच भिड़ंत आज, दोनों को जीत की दरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2026 के 20वें मुकाबले में कनाडा क्रिकेट टीम का सामना आज पहली बार यूएई क्रिकेट टीम से होगा। ये ग्रुप-डी का मुकाबला होगा। टी-20 क्रिकेट के इतिहास में अभी तक कनाडा की टीम एक बार भी यूएई को हराने में सफल नहीं हो पाई है। इस विश्व कप में दोनों टीमों ने अपने पहले मुकाबले हारे हैं। कनाडा और यूएई के बीच यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में आज 13 फरवरी को दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा।



### कनाडा के खिलाफ यूएई का पलड़ा रहा है भारी

टी-20 क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच 6 मुकाबले खेले गए हैं। इन सभी मुकाबलों में यूएई को जीत मिली है। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच साल 2019 में मुकाबला हुआ था। उसे यूएई ने 14 रन से अपने नाम किया था। टी-20 विश्व कप 2026 में यूएई को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 10 विकेट से हार मिली थी। वहीं, कनाडा को पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 57 रन से हार मिली।

कनाडा की टीम : युवराज समरा, दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, श्रेयस मूव्वा (विकेटकीपर), हर्ष ठाकर, साद बिन जफर, जसकरण सिंह, डिलन हाइलिगर, कलीम सना और अंश पटेल।

यूएई की टीम : आर्यांश शर्मा (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, मयंक कुमार, सोहैब खान, हर्षित कौशिक, मोहम्मद अरफान, ध्रुव पराशर, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी और मोहम्मद रोहिद खान।

### उम्मीद जीवंत रखने की कोशिश करेगा नीदरलैंड अमेरिका को करनी होगी वापसी

**चेन्नई।** पिछले मैच में जीत हासिल करके वापसी करने वाले नीदरलैंड को शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में अमेरिका के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए आक्रामक बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी करनी होगी जो सुपर आठ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए जरूरी है। नीदरलैंड को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान से मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उसने अपने अगले मैच में नामीबिया को हराकर शानदार वापसी की। ऑलराउंडर बास डी लीडे उसके अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे। मैच चेन्नई में आज शाम सात बजे से।

## अर्जेंटीना ने हॉकी प्रो लीग में भारत को 8-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶ राउरकेला

भारत को बृहस्पतिवार को यहां एफआईएच पुरुष प्रो लीग के राउरकेला चरण में अर्जेंटीना से 0-8 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना के लिए टॉमस डोमेने ने चार गोल दागे। डोमेन (15, 20, 26, 60वें मिनट) के अलावा टॉमस रुइज (14वें मिनट), लुसियो मेंडेज (22वें मिनट), इग्नासियो इबारा (25वें मिनट) और निकोलस डेला टोरे (30वें मिनट) ने भी गोल किए। भारत ने शुरुआत में बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन कुछ देर तक दबदबे के बाद उन्होंने पहले क्वार्टर के अंत में पेनल्टी स्ट्रोक मिलने पर बढ़त लेने का सुनहरा मौका गंवा दिया। हरमनप्रीत सिंह के प्रयास को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। अर्जेंटीना ने तुरंत गोल दाग दिया। रुइज ने अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

मेहमान टीम ने जल्द ही अपनी बढ़त दोगुनी कर ली जब डोमेने ने सूरज करकेरा को छकाते हुए अपनी टीम को शुरुआती क्वार्टर में 2-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत अच्छी की जिसमें शिलानंद लाकड़ा और हरमनप्रीत सिंह को पेनल्टी कॉर्नर मिले। हालांकि वे गोल नहीं कर पाए। अर्जेंटीना ने दबाव बनाना जारी रखा। डोमेने ने बढ़त को तीन गुना कर दिया और मेंडेज ने जल्द ही चौथा गोल कर दिया। इबारा पांचवां गोल किया जबकि डोमेने ने जल्द ही अपनी हैट्रिक पूरी की। निकोलस डेला टोरे के गोल से अर्जेंटीना पहले हाफ में 7-0 से बढ़त बनाए था।




## खबर संक्षेप

### फर्जी पुलिस स्टेशन से भारतीयों से धोखाधड़ी



**फोनों पेन्ह।** कंबोडिया में अधिकारियों ने धोखाधड़ी केंद्रों पर कार्रवाई के दौरान एक फर्जी पुलिस स्टेशन का पर्दाफाश किया है, जिसमें गांधी और आंबेडकर की तस्वीर लगी हुई थी। अधिकारियों के मुताबिक, इसका इस्तेमाल भारतीयों को 'डिजिटल अरेस्ट' करने के लिए किया जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि हाल के हफ्तों में अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी पर नकेल कसने के अभियान में लगभग 200 घोटाले के केंद्रों को बंद किया है। इस दौरान 173 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

### चीन में सड़क धंसी, 20 मीटर चौड़ा गड्ढा बना



**शंघाई।** चीन के शंघाई में एक व्यस्त सड़क अचानक धंस गई और 10 से 20 मीटर चौड़ा गड्ढा बन गया। घटना मिनहांग जिले के किक्सिन रोड के पास हुई। इससे पहले यहां पानी के रिसाव की सूचना दी गई थी। निर्माण एजेंसियों ने 11 फरवरी को सड़क के नीचे पानी के रिसाव की पहचान की थी। इसमें किसी की मौत नहीं हुई है, लेकिन आसपास की इमारतों में दरारें आ गईं और इलाके में दहशत फैल गई। कुछ ही सेकंड में सड़क की सतह भीतर की ओर धंस गई। स्थानीय प्रशासन ने तुरंत सड़क बंद कर दी।

### राजपाल की जमानत याचिका की खारिज



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव की चेक बाउंस मामले की दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पर सुनवाई हुई, कोर्ट ने जमानत देने से मना कर दिया। 16 फरवरी को सुनवाई है और कहा, आप जेल इसलिए गए क्योंकि आपने अपना वादा पूरा नहीं किया। अब इस मामले में अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

### चारू गुप्ता को मिलेगा 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** शिक्षाविद् व लेखिका चारू गुप्ता को उनकी पुस्तक हिंदी हिंदू हिस्ट्रीज के लिए प्रतिष्ठित 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार' (दक्षिण एशिया) से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। एसोसिएशन फॉर एशियन स्टडीज द्वारा दिए जाने वाले इस पुरस्कार में 1,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 90,500 रुपये) का नकद पुरस्कार शामिल है।

---

ट्रेड डील : विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले पर सरकार का मत सामने रखा

# डील की फैक्टशीट में संशोधन दोनों देशों की आपसी सहमति के बाद हुए

*मंत्रालय ने कहा कि डील को संयुक्त बयान के रूप में पेश किया गया था। यही बयान (फैक्टशीट) इस मामले में हमारी समझ का आधार बना हुआ है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील की चर्चा इन दिनों सभी जगह है। इस डील की फैक्टशीट पर हाल ही में व्हाइट हाउस द्वारा कुछ बदलाव किए गए थे। अब इन बदलावों पर जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह संशोधन दोनों देशों की आपसी सहमति के बाद हुए हैं। यह दोनों देशों की साझा समझ को भी प्रदर्शित करते हैं। मीडिया से बात करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले पर सरकार का मत सामने रखा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच में पारस्परिक लाभ और व्यापारिक लाभ को ध्यान में रखकर एक अंतरिम समझौते पर सहमति बनी थी।




**ये हुए बदलाव**

- *भारत द्वारा जिन अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ कम करने या समाप्त करने की बात पहले कही गई थी, उनमें से कुछ दालों को हटा दिया गया*
- *अमेरिका ने पहले 500 बिलियन डॉलर की खरीद पर भारत के प्रतिबद्ध होने की बात कही थी, इसे बाद में संशोधित करके 'इरादा रखता है' वाली बात जोड़ी गई*



रणधीर जायसवाल

### ब्राजील के राष्ट्रपति लूला भारत आएंगे

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के भारत दौरा को लेकर आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा 18 से 22 फरवरी 2026 तक भारत के राजकीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति लूला दिल्ली में आयोजित होने वाले दूसरे एआई समिट (19-20 फरवरी) में भाग लेंगे। ब्राजील के राजकीय दौरे का मुख्य दिन 21 फरवरी होगा। इसी दिन भारत और ब्राजील के बीच उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता आयोजित की जाएगी।

### 'मैं मोदी का करियर बर्बाद नहीं करना चाहता', ट्रंप के इस बयान वाले वीडियो पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल के उस वीडियो को लेकर भारत ने बेहद सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिसमें राष्ट्रपति यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि 'वह मोदी का राजनीतिक करियर बर्बाद नहीं करना चाहते हैं'। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अगर ऐसा कोई वीडियो है और चाहे फिर वो सही हो या न हो। हम उस पर उचित कार्रवाई करेंगे। बता दें कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी बड़ी ही तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप यह कहते हुए देखे जा सकते हैं कि मोदी बहुत ही अच्छे, महान इंसान हैं। वह मोदी से प्रेम करते हैं। लेकिन यह कहकर वो उनका राजनीतिक करियर बर्बाद नहीं करना चाहते हैं।

### रूस से तेल खरीद बंद करेगा भारतः ट्रंप

वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूस से चल रही तेल की खरीद को बंद कर देगा।

---

यूएन की रिपोर्ट में सनसनीखेज दावा

## दिल्ली बम धमाके में आतंकी संगठन जैश शामिल, महिला विंग भी बनाई



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की आतंकवाद निगरानी टीम की ताजा रिपोर्ट ने इस हमले से पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के जुड़े होने का दावा किया है। रिपोर्ट में संगठन की नई साजिशों पर भी चिंता जताई गई है, जिसमें महिलाओं के लिए अलग विंग बनाना और आतंकी गतिविधियों में उनकी भागीदारी शामिल है। इससे संगठन का नेटवर्क बढ़ सकता है और सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचने में मदद मिल सकती है।

यूएन सुरक्षा परिषद को सौंपी गई रिपोर्ट में एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद ने 9 नवंबर को पुरानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी। इस हमले में 15 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई घायल हुए थे।

### 'जमात उल-मुमिनात' नामक महिला विंग

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 8 अक्तूबर को जैश प्रमुख मसूद अजहर ने 'जमात उल-मुमिनात' नाम से महिलाओं के लिए एक अलग विंग बनाने की घोषणा की। यूएन टीम के अनुसार, इस विंग का मकसद आतंकी गतिविधियों में सहयोग करना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह महिलाओं को शामिल करना संगठन की नई साजिश का हिस्सा हो सकता है, ताकि वह अपने नेटवर्क को बढ़ा सके और सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बच सके। बता दें कि जैश-ए-मोहम्मद को संयुक्त राष्ट्र ने अल-कायदा से जुड़ा आतंकी संगठन घोषित कर रखा है। इसकी स्थापना साल 2000 में हुई थी और यह खासकर जम्मू-कश्मीर और भारत के अन्य हिस्सों में कई बड़े हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है। इसके सरगना मसूद अजहर पर यूएन ने यात्रा प्रतिबंध और संपत्ति फ्रीज जैसी पाबंदियां लगा रखी हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सदस्य देशों के बीच जैश की मौजूदा स्थिति को लेकर अलग-अलग राय है। कुछ देश इसे अभी भी सक्रिय और खतरनाक मानते हैं, जबकि एक सदस्य देश ने इसे निष्क्रिय बताया। है।

---

मदनी ने जताया विरोध

## वंदे मातरम पर सरकार का आदेश आजादी पर हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वंदे मातरम के सभी छंद गाने का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि सरकार का ये आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। संगठन ने सरकार के आदेश को एकतरफा और मनमाना बताया। जमीयत के प्रेसिडेंट मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुसलमान किसी को भी वंदे मातरम गाने या बजाने से नहीं रोकते, लेकिन गाने के कुछ छंद मातृभूमि को एक देवता के रूप में दिखाते हैं। ये हमारी मान्यताओं के खिलाफ हैं। केंद्र सरकार ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है।

---

अमेरिकी प्रशासन का बड़ा फैसला

### भारतीय छात्रा जान्हवी कंडुला के परिवार को मिलेंगे 262 करोड़



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के सिएटल शहर में भारतीय छात्रा जान्हवी कंडुला की दर्दनाक मौत के मामले में प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। सिएटल शहर प्रशासन जाह्नवी के परिवार को मुआवजे के तौर पर 2.9 करोड़ डॉलर (करीब 262 करोड़ रुपए) देने पर सहमत हो गया है। 23 वर्षीय जान्हवी की पिछले साल एक तेज रफ्तार पुलिस गश्ती वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी, जिसके बाद भारत समेत पूरी दुनिया में भारी आक्रोश देखा गया था। यह हादसा 23 जनवरी 2023 को हुआ था। आंध्र प्रदेश की रहने वाली जाह्नवी कंडुला नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी (सिएटल कैंपस) में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं। वह सड़क पार कर रही थीं जब पुलिस अधिकारी केविन डेव ने उन्हें टक्कर मार दी।

---

सौहार्दपूर्ण माहौल में बैठक

### बीएसएफ और पाक रेंजर्स ने जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर की फ्लैग मीटिंग

**जम्मू (भाषा)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पाकिस्तान रेंजर्स ने बृहस्पतिवार को यहां आर एस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 'फ्लैग मीटिंग' की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी की एक घटना को लेकर पाकिस्तान रेंजर्स के अनुरोध पर बुल्लेचक सीमा चौकी के पास बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने स्पष्ट किया कि गोलीबारी उसके नियंत्रण वाले क्षेत्र में एक निर्धारित प्रशिक्षण अभ्यास का हिस्सा थी। अधिकारियों ने कहा कि बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में आयोजित की गई, जिसमें दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस बातचीत को अभियानगत संबंधी मुद्दों के समाधान और किसी भी गलतफहमी से बचने के लिए स्थापित तंत्र का हिस्सा बताया।

---

रिपोर्ट में टॉर्चर का खुलासा

## जेल में बंद इमरान खान की आंख की 85% रोशनी गई

एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई प्रमुख इमरान खान को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। कोर्ट की ओर से नियुक्त एमिकस क्यूरी सलमान सफदर की रिपोर्ट के अनुसार, अडियाला जेल में बंद इमरान खान ने अपनी दाहिनी आंख की लगभग 85 प्रतिशत रोशनी खो दी है। उनके समर्थकों और सहयोगियों ने इसे पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान द्वारा जानबूझकर किया गया अमानवीय व्यवहार करार दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने बताया कि अक्टूबर 2025 तक उनकी आंखों की रोशनी (6/6 विजन) बिल्कुल सामान्य थी। इसके बाद उन्हें धुंधला दिखाई देने लगा, जिसकी शिकायत उन्होंने कई बार जेल अधीक्षक से की, लेकिन इसे महीनों तक नजरअंदाज किया गया।

---

### एनआईए 36 आरोपियों को कोर्ट नहीं ला सकी

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पश्चिम बंगाल के अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हुई हिंसा की जांच कर रही है। हालांकि एनआईए की टीम गुरुवार सुबह हिंसा मामले में गिरफ्तार किए गए 36 आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश करने में विफल रही। यह दूसरी बार है जब एनआईए आरोपियों को अदालत में पेश करने में विफल रही है, और इसका कारण यह है कि मुर्शिदाबाद जिला पुलिस एक बार फिर पर्याप्त पुलिस सुरक्षा प्रदान करने में असफल रही। इससे पहले, 5 फरवरी को, एनआईए की टीम आरोपी को अदालत में पेश करने में विफल रही थी, और उस समय, राज्य पुलिस इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं थी, जो इस मामले में एक बाधा बन गई।

---

माल्या को बॉम्बे हाईकोर्ट की चेतावनी

## भारत नहीं लौटे तो भगोड़ा होने के ठप्पे के खिलाफ सुनवाई नहीं होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कारोबारी विजय माल्या को कड़ी चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि जब तक माल्या भारत वापस नहीं लौटते, तब तक अदालत उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी। इस याचिका में उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति खुद को न्यायिक प्रक्रिया से दूर रखे हुए है, उसे अदालत से राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश शचंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत लौटेंगे या नहीं। कोर्ट ने कहा कि आपको (माल्या) वापस आना होगा, अगर आप वापस नहीं आ सकते तो हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते। माल्या ने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं, एक में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी गई है और दूसरी में 2018 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया है।


विजय माल्या बॉम्बे हाईकोर्ट

---

### इलॉन मस्क की एआई कंपनी चांद पर फैक्ट्री लगाएगी

**वॉशिंगटन।** दुनिया के सबसे अमीर इंसान इलॉन मस्क चांद पर एआई सैटेलाइट फैक्ट्री लगाएंगे। मस्क ने बताया कि वे इसके जरिए सूरज की ऊर्जा कैप्चर करना चाहते हैं। मस्क ने अपनी एआई कंपनी एक्सएआई की इंटरनल मीटिंग का 45 मिनट का वीडियो पोस्ट किया, जिसमें ये जानकारी सामने आई है। मस्क ने कहा अगर हम आज की मानव सभ्यता की ऊर्जा खपत को देखें, तो हम पृथ्वी की संभावित ऊर्जा का केवल 1% हिस्सा ही इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर हम सूरज की कुल ऊर्जा का 10 लाखवां हिस्सा भी हासिल कर लें, तो वह आज की सभ्यता द्वारा उपयोग की जाने वाली ऊर्जा से करीब 10 लाख गुना ज्यादा होगी।

---




---

आरोपः इजराइल ने गाजा में प्रतिबंधित रासायनिक बमों का किया था प्रयोग

# 3500 से ज्यादा लोग भाप बनकर हो गए गायब

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

इजराइल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3,500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजराइल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें 'वैक्यूम बम', 'थर्मल' या 'थर्मोबैरिक' बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2,842 ऐसे फिलिस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3,500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं।

वैक्यूम बमों के इस्तेमाल से तापमान 3,500 डिग्री तक जा पहुंचा

शवों को दफनाने के लिए कोई हिस्सा नहीं बचा

**वैक्यूम बम को बम और रॉकेट के रूप में गिरा सकते हैं**



वैक्यूम बम एक एडवांस हथियार है जो अपने प्रभाव से इमारतों को नष्ट करने और मानव शरीर को भाप बनाकर उड़ाने में सक्षम है। यह बम एरोसोल बम भी कहलाता है और जर्नल ऑफ मिलिट्री एंड वेटरन्स हेल्थ के अनुसार, ये स्प्रे वातावरण में चारों ओर फैल जाते हैं। खासकर शहरी इलाकों और दुश्मनों के बंकर के अंदर तक आसानी से घुस जाता है। इसे रॉकेट के रूप में लॉन्च किया जा सकता है या विमान से बम के रूप में गिराया जा सकता है। जब यह अपने टारगेट से टकराता है, तो पहला विस्फोटक चार्ज कंटेनर को खोलता है और मिश्रण को बादल के रूप में बिखेरता है। इसके बाद बम में लगा इग्निशन सोर्स आग को पैदा करता है, जो बहुत तेजी से पूरे इलाके में फैलकर एक जबरदस्त वैक्यूम बनाता है। इस कारण हुए विस्फोट की ताकत इतनी ज्यादा होती है कि घरों की छतें तक उड़ जाती हैं। बंकर बर्बाद हो जाते हैं और उसमें मौजूद लोगों के शरीर से चिथड़े उड़ जाते हैं। पास में मौजूद इंसान तो तुरंत भाप में बदल जाता है। दूर के लोगों पर भी इसका इतना प्रभाव पड़ता है कि आंतरिक अंगों में खून बहने लगता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28